RNI .NO. MPBIL / 2013/ 54381

संपादकः- डॉ. देवेन्द्र मालवीय

11 वर्ष

# दैनिक सद्भावना पाती

...प्राणियों में सद्भावना हो...

www.sadbhawnapaati.com Email: sadbhawnapaatinews@gmail.com इंदौर, शनिवार ●15 जून, 2024 वर्षः-12 अंकः- 48 मूल्य -1 रु. कुल पृष्ठ - 8

## संक्षिप्त समाचार

### राम मंदिर को उड़ाने की धमकी के बाद बढ़ाई गई अयोध्या की सुरक्षा

**एसएसपी ने किया निरीक्षण**

**अयोध्या (एजेंसी)।** आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद की ओर से राम मंदिर को उड़ाने की धमकी दिए जाने के बाद अयोध्या अलर्ट मोड पर आ गई है। राम मंदिर में निगरानी बढ़ा दी गई है। राम मंदिर समेत महत्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट की भी सुरक्षा में इजाफा किया गया है।



एसएसपी राजकरण नय्यर ने शुक्रवार को महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि अयोध्या धाम की सुरक्षा पहले से ही कड़ी है। यहां की सुरक्षा व्यवस्था को विभिन्न क्षेत्रों में विभाजित करते हुए सीनियर राजपत्रित अधिकारी के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया है। विभिन्न जोन में सुरक्षाकर्मी पहले से ही तैनात हैं।

### भारतीय सेना को मिला पहला आत्मघाती ड्रोन

**30 किमी रेंज**

- 2 किलो विस्फोटक लेकर उड़ सकता है; पाकिस्तान-चीन बॉर्डर पर तैनाती होगी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन आर्मी को भारत में बने आत्मघाती ड्रोन नागस्त्र-1 की पहली खेप मिल गई है। इन ड्रोन्स को नागपुर की कंपनी सोलर इंडस्ट्रीज की इकोनॉमिक्स एक्सप्लोसिव लिमिटेड यूनिट ने बनाया है। सेना ने 480 लॉइटरिंग



म्यूनिशन (आत्मघाती ड्रोन) का ऑर्डर दिया था। इनमें से 120 की डिलीवरी कर दी गई है। ड्रोन को नागस्त्र-1 नाम दिया गया है, जिसकी रेंज 30 किमी तक है। इसका एडवांस वर्जन दो किलो से ज्यादा गोला-बारूद ले जाने में सक्षम है। इसका इस्तेमाल दुश्मनों के ट्रेनिंग कैंप, ठिकानों और लॉन्च पैड पर हमला करने के लिए किया जाएगा।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पुलिया से 15 फीट नीचे गिरी, 5 की मौत

**2 बेटियों और मां ने मौके पर दम तोड़ा, रतनगढ़ माता मंदिर जा रहे थे**

**दतिया (एजेंसी)।** दतिया जिले में शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 4 बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 5 लोगों की मौत हो गई। इनमें 3 लड़कियों और 2 महिलाएं हैं। 19 लोग घायल हैं। ट्रॉली में 30 लोग सवार थे। हादसा दुरसड़ा थाना क्षेत्र के गांव जोरा मैथाना पाली के पास हुआ। 3 मृतक एक ही परिवार के हैं।

जानकारी के मुताबिक ट्रॉली में सवार लोग दीसवार गांव से रतनगढ़ माता मंदिर पर जवारे चढ़ाने जा रहे थे। गांव से 6 ट्रैक्टर एकसाथ निकले थे। एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पुलिया से 15 फीट नीचे गिरा और पलट गया। घायलों में महिला और बच्चे भी शामिल हैं। 17 को दतिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 2 गंभीर घायलों को ग्वालियर रेफर करना पड़ा।

हादसे की सूचना के बाद एसपी वीरेंद्र मिश्रा जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों से मिलकर हादसे के बारे में जाना। हादसे में दीसवार निवासी नवल किशोर की पत्नी और दो बेटियों की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि ड्राइवर को नींद आने की वजह से हादसा हुआ होगा। वहीं, दूसरे ट्रैक्टर वालों का कहना है कि स्टीयरिंग जाम हो गया था।



क्रांति सीमा कामिनी

### हादसे में इनकी मौत हुई

1. सोनम पिता चंदन अहिरवार ( 11 ) 2. क्रांति पिता नवल किशोर ( 17 ) 3. सीमा पति नवल किशोर ( 30 ) 4. कामनी पिता नवल किशोर ( 19 ) 5. रोशनी पिता रमेश अहिरवार ( 17 )

### इनको ग्वालियर रेफर किया

1. विनीता पिता पूरन पाल ( 30 ) 2. ड्राइवर मुलायम दांगी पति घनश्याम ( 50 )

### सरपंच बोले- गांव से करीब 200 लोग जा रहे थे

गांव के सरपंच देवप्रसाद दांगी ने बताया कि 6 ट्रैक्टर–ट्रॉली और टैक्सी में करीब 200 श्रद्धालुओं को रतनगढ़ माता मंदिर ले जा रहे थे। इन्हीं में से एक ट्रैक्टर–ट्रॉली पलट गई, जिसमें लगभग 30 लोग सवार थे। ये रतनगढ़ मंदिर में जवारे चढ़ाने के लिए जा रहे थे। **ग्रामीण बोला–** ग्रामीण अंकुश दांगी ने बताया, गांव से सभी लोग रात तीन बजे निकले थे। मैं आगे वाले ट्रैक्टर में था। हमारे पीछे बाकी ट्रैक्टर थे। कुछ देर बाद पीछे जाकर देखा तो एक ट्रैक्टर नहीं था। उसमें बैठे लोगों को फोन लगाया तो पता चला कि ट्रैक्टर पुलिया से नीचे गिर गया है। फिर हम वहां पहुंचे और ड्राइवर से बात की।

**नीट पेपर लीक मामला**

# सुप्रीम कोर्ट का एनटीए को नोटिस

**सीबीआई जांच की मांग को लेकर भी जवाब मांगा; 8 जुलाई को सुनवाई होगी**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नीट यूजी पेपर लीक और इसकी सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि एनटीए 2 हफ्तों के अंदर इस पर अपना पक्ष रखे। इस मामले पर 8 जुलाई को अगली सुनवाई होगी।

पिटीशनर हितेश सिंह कश्यप ने आरोप लगाया कि गुजरात के गोधरा में जय जल राम परीक्षा सेंटर को चुनने के लिए कर्नाटक, ओडिशा, झारखंड आदि राज्यों में 26 छात्रों ने 10-10 लाख रुपए घूस दी थी।

कश्यप ने कहा कि इस सेंटर पर ड्यूटी दे रहे टीचर सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार टीचर के पास से सभी 26 छात्रों की डीटेल मिली है। इसलिए इस मामले की सीबीआई जांच जरूरी है।

- हाईकोर्ट के मामले भी सुप्रीम कोर्ट को ट्रांसफर हों- एनटीए




स्टूडेंट्स ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और यूपी समेत 7 राज्यों की हाईकोर्ट में नीट में गड़बड़ियों को लेकर याचिकाएं दायर की हैं। एनटीए ने कहा है कि अलग-अलग कोर्ट के अलग-अलग फैसला सुनाने से छात्रों में भ्रम फैल सकता है। इसलिए सभी मामले सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर किए जाएं।

### आरोपी का कबूलनामा, हमें हू-ब-हू पेपर मिला था, बिहार में 19 गिरफ्तार; केंद्र ने कहा- पेपर लीक के सबूत नहीं

नीट परीक्षा में किसी प्रकार की धांधली, भ्रष्टाचार या पेपर लीक का कोई भी पुख्ता सबूत अभी तक सामने नहीं आया है। पेपर कहीं भी लीक नहीं हुआ है। एनटीए में भ्रष्टाचार का सवाल ही नहीं उठता। यह बहुत विश्वसनीय निकाय है। पटना के लर्न हॉस्टल में मुझे 4 मई को ले जाया गया। मुझे प्रश्न पत्र उत्तर सहित दिया गया और याद करने के लिए कहा गया था। आज की परीक्षा में सभी प्रश्न शत–प्रतिशत मिले थे। मेरे साथ वहां 20–25 परीक्षार्थी भी मौजूद थे। उनको भी प्रश्न पत्र उत्तर सहित दिया गया और रटाया गया। ये बयान पेपर लीक मामले में पटना से सबसे पहले गिरफ्तार हुए आरोपी आयुष का है। पटना पुलिस ने ये बयान कोर्ट में भी पेश किया है। वहीं पटना पुलिस ने एफआईआर में दिनांक 5/5/2024 को अधिकारियों ने 2 बजे सूचना दी कि आज नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एंट्रेंस टेस्ट ले रही है। इसमें एक संगठित गिरोह ने कुछ विधार्थियों और परीक्षा संचालन करने वाले कर्मियों की मिलीभगत से प्रश्न पत्र की गोपनीयता को भंग किया है। प्रश्न पत्र को लीक किया गया है।



**टला हादसा**

### लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस के पहिये में चिंगारी से उठा धुआं, कई यात्री चलती ट्रेन से कूदे, चोटिल



**बिजनौर (एजेंसी)।** लखनऊ से चलकर चंडीगढ़ जा रही एक्सप्रेस में चंदक रेलवे स्टेशन पर अचानक पहियों में चिंगारियां उठी और धुआं धुआं हो गया। पहियों से निकला धुआं कोच में भरने लगा तो यात्रियों में आग लगने की दहशत फैल गई। घबराए यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। बताया गया कि अभी ट्रेन रुकी भी नहीं थी कि धीमी होते ही यात्री ट्रेन से कूदने लगे। ऐसे में कई यात्री चोटिल हुए हैं। ट्रेन में आग लगने की अफवाह पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया।

वहीं स्टेशन पर ट्रेन के रुकते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल कर आग बुझाई। काफी देर तक यह ट्रेन स्टेशन पर खड़ी रही और पूरी तरह चेकिंग की गई। वहीं इस दौरान देहरादून से लखनऊ जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस को भी इसी स्टेशन पर रोकना पड़ा। यात्रियों में इतनी दहशत फैल गई थी कि ट्रेन के चलने पर भी वे उसमें सवार नहीं हुए और स्टेशन पर ही रह गए। ये यात्री दूसरी ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं।

# जी-7 समिट में मेलोनी से मिले मोदी, दोनों ने हाथ जोड़कर नमस्ते किया



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 50वें जी7 समिट के लिए इटली में हैं। पीएम ने शुक्रवार को इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को हाथ जोड़कर नमस्ते किया। यहां प्रधानमंत्री ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक से मुलाकात की।

उन्होंने दोनों नेताओं को गले से लगाया। इसके बाद उनके बीच बैठक हुई। इसके बाद पीएम इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की समेत कई वर्ल्ड लीडर्स से मुलाकात करेंगे। तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनने के बाद ये नरेंद्र मोदी का पहला विदेश दौरा है। मोदी ने एक पोस्ट में लिखा कि जी7 समिट में हिस्सा लेने के लिए इटली पहुंच गया हूं। विश्व नेताओं के साथ सार्थक चर्चा में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं।

**सुनक-मैक्रों से द्विपक्षीय बैठक की**



### नमस्ते इटली- जी7 में 'नमस्ते' से मेहमानों का वेलकम कर जार्जिया मेलोनी ने जीता दिल

इटली में हो रहे ग्लोबल साउथ के जी–7 शिखर सम्मेलन में भारत, अमेरिका, कनाडा समेत कई देशों के प्रमुख पहुंचे है। इटली की पीएम जार्जिया मेलोनी ने काफी गर्मजोशी से सभी मेहमानों का स्वागत किया है। इस दौरान मेलोनी ने कई मेहमानों का स्वागत हाथ जोड़कर नमस्ते करते हुए किया। इटली के अपुलिया में हो रहे जी–7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में पहुंचे नेताओं का मेजबान इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने स्वागत किया। इस दौरान मेलोनी का नमस्ते करना भारतीयों का दिल जीत ले गया। इटली की पीएम प्रधान मंत्री ने कई देशों के प्रतिनिधियों और सरकार के प्रमुखों का नमस्ते करते हुए स्वागत किया। मेलोनी के शिखर सम्मेलन के उद्घाटन के दिन यूरोपीय संघ प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन का स्वागत हाथ जोड़कर करते देखा गया। जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज को भी मेलोनी नमस्ते करते हुए दिख रही हैं। मेलोनी के इस अंदाज ने उनके भारतीय पीएम के साथ अच्छे संबंधों को भी याद दिलाया है।

# थोक महंगाई 15 महीनों के ऊपरी स्तर पर

- मई में 2.61 प्रतिशत पर पहुंची, फरवरी 2023 में 3.85 प्रतिशत रही थी, खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़े



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मई में थोक महंगाई बढ़कर 15 महीनों के ऊपरी स्तर पर पहुंच गई है। आज यानी 14 जून को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार मई में थोक महंगाई बढ़कर 2.61 प्रतिशत पर पहुंच गई है। फरवरी 2023 में थोक महंगाई दर 3.85प्रतिशत रही थी।

वहीं अप्रैल 2024 में महंगाई 1.26प्रतिशत रही थी, जो 13 महीने का उच्चतम स्तर था। इससे एक महीने पहले मार्च 2024 में ये 0.53प्रतिशत रही थी। फरवरी में थोक महंगाई 0.20प्रतिशत रही थी। उधर, बुधवार को रिटेल महंगाई में गिरावट देखने को मिली थी।

### मई में खाद्य महंगाई दर 1.88 प्रतिशत बढ़ी

- खाद्य महंगाई दर अप्रैल के मुकाबले 5.52 प्रतिशत से बढ़कर 7.40 प्रतिशत हो गई।
- रोजाना की जरूरत वाले सामानों की महंगाई दर 5.01 प्रतिशत से बढ़कर 7.20 प्रतिशत हो गई।
- फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर 1.38 प्रतिशत से घटकर 1.35 प्रतिशत रही।

# मुख्यमंत्री ने समझी दैनिक सदभावना पाती की बात..... नाईट कल्चर को लेकर जल्द जारी होंगे आदेश



सद्भावना पाती

वर्ष-03, अंक 62 इंदौर शुक्रवार ● 2 दिसम्बर, 2022 कुल पृष्ठ - 8 Digital Edition

इंदौर के 'नाइट कल्चर' पर बवाल क्यों...? बुद्धिजीवी पहले समझें फिर बोलें

नाईट कल्चर बुरा नहीं बस सही तरह से लागू हो सख्ती और शिथिलता दोनों का अपना महत्व

नशाखोरी और अश्लीलता पर विरोध सर्वाधिक

स्वच्छता को लेकर पूरी दुनिया में अपनी अलग पहचान स्थापित कर चुका इंदौर शहर मिनी मुंबई और स्मार्ट सिटी के नाम से जाना जाता है। मप्र की आर्थिक राजधानी इंदौर अब टीयर टू से टीयर वन शहर की ओर कदम बढ़ा रहा है। इसे एजुकेशन हब, आईटी हब, इंडस्ट्रियल हब, टूरिज्म हब और आने वाले समय में मेडिकल हब के रूप में देखा जाने लगा है।

नाइट लाइफ के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट सबसे जरूरी, महिलाओं की भूमिका भी बेहद अहम

- मध्यप्रदेश में अब 24 घंटे खुलेंगे मॉल-रेस्टोरेंट, मुख्य बाजार, बिजनेस सेंटर



पूनम शर्मा

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़ा फैसला लिया है। प्रदेश के सभी शहरों में अब मॉल, रेस्टोरेंट्स, आईटी सेक्टर, मुख्य बाजार, बिजनेस सेंटर, 24 घंटे, सातों दिन खुले रहेगें, ये सुविधा नगर व औद्योगिक क्षेत्रों में मिलेगी। इसका नोटिफिकेशन भी 1-2 दिनों में जारी होने की संभावना है। इसके बाद यह व्यवस्था लागू हो जाएगी।

तमाम नेता, मंत्री, समाजसेवी और मीडिया समूह नाईट कल्चर के विरोध में अपनी आवाज उठाते रहे, वहीं दैनिक सदभावना पाती नाईट कल्चर के पक्ष में प्रमुखता से अपनी आवाज उठाता रहा, 2 दिसम्बर 2022 को फ्रंट पेज पर छपी एक खबर जिसको उच्च अधिकारियों और बड़े नेताओं ने समझा और इस नाईट कल्चर को इंदौर ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में लागू करने की अनुंशसा कर दी।

बता दें इस तरह की व्यवस्था होने के बाद मध्यप्रदेश देश का सातवां राज्य बन जाएगा, जहां पर 24 घंटे सातों दिन बाजार खुले रहते है। इसके पहले महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड व तेलंगाना उन राज्यों में शामिल हैं जहां मॉल, रेस्टोरेंट्स, आईटी सेक्टर, मेन मार्केट, बिजनेस सेंटर 24 घंटे खुल रहते हैं।

प्रदेश पाती

दैनिक सद्भावना पाती

इंदौर, शनिवार 15 जून, 2024

# रक्तदान को लेकर बैतूल में रक्तक्रांति कार्यक्रम अभिनव प्रयास- विधायक हेमंत खंडेलवाल

● जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना



**बैतूल।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर बैतूल में रक्तदान जागरूकता के लिए विशाल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का आयोजन ताप्ती दर्शन, मां शारदा सहायता समिति, अग्रवाल समाज बैतूल, जिला औषधि विक्रेता संघ बैतूल, प्रत्याशा महिला संघ, पत्रिका, और राजपूत समाज के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। रैली की शुरुआत जिला चिकित्सालय से झांकियों, डीजे, बाजे, और मशाल के साथ की गई। रैली को बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, घोड़ाडोंगरी विधायक श्रीमती गंगा बाई उइके, नगरपालिका की अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक बारंगा, और डॉक्टर डब्लू ए नागले ने पूजा कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम संयोजक संजय शुक्ला, शैलेंद्र बिहारिया, और पंजाबराव गायकवाड ने बताया कि रैली के शुभारंभ पर मशाल थामकर हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि बैतूल जिले में रक्तदान को लेकर रक्तक्रांति आई है और यह कार्यक्रम एक अभिनव प्रयास है। उन्होंने इस ऐतिहासिक कार्यक्रम की सराहना करते हुए रक्तवीरों को बधाई दी। रैली में मशाल के साथ रक्तदान की झांकी, सैनिक संघ की झांकी, और हाथों में रक्तदान के झंडे व तख्तियां लेकर लोग चल रहे थे। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह रक्तवीरों का जोरदार स्वागत किया गया। रैली में जिले भर से लोग शामिल हुए और रैली का समापन शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम में हुआ।

### रक्तक्रांति सम्मान समारोह

शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम में रक्तदान समितियों को प्रोत्साहित करने के लिए भव्य रक्तक्रांति सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रगान से मंचीय कार्यक्रम का आगाज हुआ, जहां प्रमोद अग्रवाल, मंजीत सिंह चौहान, सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक बारंगा, ब्लड बैंक अधिकारी डॉक्टर अंकित श्रीवास्तव, प्रशांत गर्ग, डॉक्टर कृष्णा पाटनकर, हेमंत बत्रा, सुदामा सूर्यवंशी, निर्मला सोनी, रमेश बोरखाड़े, जिला विधिक सचिव डॉक्टर महजबीन खान, मां शारदा समिति के संरक्षक संजय शुक्ला, अध्यक्ष पिंकी भाटिया, पंजाबराव गायकवाड, महिला अध्यक्ष सुश्री तूलिका पचौरी, कार्यकारी अध्यक्ष हिमांशु सोनी, हेमा सिंह चौहान, समाजसेवी मुकेश गुप्ता, समाजसेवी सोनू सलूजा, सेन समाज के अध्यक्ष रमेश बोरखड़े, कुंबी समाज के अध्यक्ष दिनेश महस्की, और गायत्री परिवार के संभाग प्रमुख उत्तमराव गायकवाड मुख्य रूप से उपस्थित थे। समारोह में वर्ष भर रक्तदान करने वाली समितियों को रक्तक्रांति सम्मान से नवाजा गया। सर्वप्रथम जनसेवा कल्याण समिति, तपश्री ग्रामीण रक्तदान मंडल चिचोली, बचपन प्ले स्कूल आमला, और बालाजी ग्रुप भीमपुर को सम्मानित किया गया। साथ ही 70 संस्थाओं को रक्तक्रांति सम्मान के साथ पौधे भी भेंट किए गए।

### इनका रहा विशेष योगदान

कार्यक्रम में प्रितमसिंग मरकाम, मनोज तिवारी, चंचल पांसे, प्रकाश बंजारे, आशीष यादव, घनश्याम राठौर, संतोष धुर्वे, डॉक्टर सागर, सागर सिंह चौहान, राहुल सैंडी, सुरेंद्र आर्य, विजय पटैया, श्रीराम भुस्कुटे, गिरीश मालवीय, आशीष भुसारी, सचिन रॉय, रघुकुल डिफेंश एकेडमी, प्रमिला धोत्रे, हेमासीह चौहान, निमिष मालवीय, जलदीप वर्मा, हरिशंकर धुर्वे, यदोराव नागले, और सुनील पंडाग्रे का सहयोग रहा। इस अवसर पर सुबह 9 बजे रक्तदान शिविर की शुरुआत श्रीमती सुषमा सोनी, श्रीमती सीमा मिश्रा, निमिष मालवीय, श्री व्यास, और प्रकाश बंजारे ने रक्तदान करके की। मंच का सफल संचालन शैलेंद्र बिहारिया ने किया। उन्होंने कहा इस रक्तदान जागरूकता अभियान ने बैतूल जिले में रक्तदान को लेकर एक नई ऊर्जा और जागरूकता पैदा की है।

# हिवरा मां भवानी मंदिर पहुंचीं सागर की नवनिर्वाचित सांसद लता वानखेड़े

● भाजपा पार्टी से उम्मीदवार बनाए जाने की लगाई थी अर्जी

● प्रचंड वोटों से मिली जीत मां के दिव्य दर्शन से अभिभूत

**आठनेर।** सागर की नवनिर्वाचित सांसद लता वानखेड़े ने शुक्रवार को अपनी मन्नत पूरी होने पर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम हिवरा स्थित मां भवानी मंदिर में अभिषेक और पूजन कार्यक्रम किया। लता वानखेड़े ने कांग्रेस के उम्मीदवार को 4 लाख से अधिक वोटों से हराकर सागर से सांसद का



चुनाव जीता है। अपनी इस जीत के बाद, वे सपरिवार हिवरा मां भवानी मंदिर में दर्शन और पूजन के लिए पहुंचीं। सांसद वानखेड़े ने बताया कि उन्होंने भाजपा पार्टी से सागर में उम्मीदवार बनाए जाने के लिए मां भवानी दरबार में अर्जी लगाई थी। जब उन्हें पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया गया और उन्होंने चुनाव में प्रचंड जीत हासिल की, तब वे मां भवानी की कृपा को महसूस कर अभिभूत हो गईं। सांसद वानखेड़े ने कहा, ÷मां भवानी हिवरा मंदिर की देवी प्रतिमा स्वयंभू प्रकट हैं। दिव्य दर्शन कर मुझे मां के आशीर्वाद से चुनाव में जीत मिली है।÷ लगभग 300 किलोमीटर की यात्रा तय कर तीन महीने पहले ही लता वानखेड़े ने मां भवानी के दर्शन किए थे। चुनाव में जीत की मनोकामना पूरी होने पर वे पुनः हिवरा मां भवानी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मंदिर समिति के वरिष्ठ सदस्य हनुमंराव देशमुख, संजय देशमुख, दीपक पवन मालवीय, संजय सोनी, निखिल सोनी, देविदास गावड़े, विकास घोडकी सहित कई ग्रामीण और श्रद्धालु उपस्थित थे और सांसद का सम्मान किया।

# प्रदेश की शिक्षा नॉन अटेंडिंग की जकड़ में

● बीएड, नर्सिंग हो या एमबीए बिना कॉलेज आए बंट रही डिग्रियां ● सिर्फ मप्र ही नहीं बल्कि बिहार, राजस्थान, छग के विद्यार्थी भी फंस रहे इनके जाल में

पूनम शर्मा

**इंदौर,** सदभावना पाती 15 जून 2024। मध्य प्रदेश के अधिकतर कॉलेज में नॉन अटेंडिंग का दौर चल रहा है जिसके कारण यहाँ की शिक्षा का स्तर दिन ब दिन गिरता जा रहा है। बीएड, नर्सिंग, एमबीए जैसे विषयों के सिर्फ प्रदेश के नहीं बल्कि बिहार, राजस्थान और छत्तीसगढ़ से आए उन छात्रों को भी डिग्री दी जा रही है जो सिर्फ परीक्षा देने कॉलेज आते हैं। दलालों के माध्यम से कॉलेज संचालक यह खेल कर रहे हैं। इस खेल में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ यूनिवर्सिटी और छात्रवृत्ति विभाग भी बराबर की मदद कर रहा है।

ऐसा ही एक उदाहरण ग्वालियर के विजय लक्ष्मी कॉलेज ऑफ नर्सिंग का सामने आया है जहां ऐसे विद्यार्थियों को भी यहां से डिग्री, डिप्लोमा मिल गई जिन्होंने कभी कॉलेज का भवन तक नहीं देखा।

कॉलेजों में गड़बड़ी वर्ष 2018 से बढना शुरु हुई, वहीं प्रदेश में वर्ष 2020-21 के बाद से इन कॉलेजों की बाढ़ सी आ गई।

सूत्र बताते हैं कि नियमों के शिथिलीकरण के बाद छात्रवृत्ति के नाम पर राशि डकारने प्रदेश में कई कॉलेज खुले। कारण, एससी-एसटी विद्यार्थियों को मिलने वाली छात्रवृत्ति थी। गड़बड़ियों का ऐसा खेल चला कि न तो कॉलेजों में क्लासेज लगती न फैकल्टीज पढ़ाने आती और कॉलेज में नॉन अटेंडिंग एडमिशन दे दिए जाते। ऐसे में प्रदेश के कई बीएड, एमबीए व नर्सिंग कॉलेजों में तय मापदंडों के साथ तो मजाक हुआ ही है, और ऐसे विद्यार्थियों को भी डिग्रियां मिल गई जिन्होंने क्लसेस अटेंड करना तो दूर, कभी कॉलेज का भवन तक नहीं देखा।

फर्जी तरीके से संचालित इन कॉलेजों में प्रवेश के लिए सबसे अधिक विद्यार्थी बिहार, राजस्थान और छत्तीसगढ़ से आते हैं।

इस मामले में दैनिक सदभावना पाती लगातार ख़बरों को प्रकाशित कर रहा है की किस प्रकार कॉलेजों में नॉन अटेंडिंग एडमिशन किये जा रहे हैं। यदि गंभीरता से जांच की जाए तो ऐसे ढेरों उदहारण मध्य प्रदेश के हर शहर से आएंगे।

# प्रशिक्षण में सागर संभाग के 200 प्रशिक्षणार्थियों ने किया प्रशिक्षण प्राप्त





कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में और संयुक्त संचालक सागर डॉ.मनीष वर्मा, दमोह जिले के प्रभारी सहायक संचालक लोक शिक्षण सागर डॉ. आशुतोष गोस्वामी व जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा के मार्गदर्शन में उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित संभागीय विज्ञान प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस प्रशिक्षणार्थियों द्वारा योग अभ्यास किया गया। 10 जून से 14 जून तक आयोजित इस प्रथम प्रशिक्षण में सागर संभाग के 200 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर द्वारा गतिविधि एवं प्रयोग के माध्यम से कक्षा नवमी एवं दसवीं के विज्ञान विषय की कठिन अवधारणाओं को स्मार्ट टीवी के माध्यम से राज्य स्तर पर तैयार माड्यूल पर आधारित प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

## जिला स्तरीय रोजगार मेला 20 जून को आईटीआई में होगा

**हरदा (निप्र)।** जिले के बेरोजगार युवाओं तथा पटाखा फैक्ट्री में प्रभावित हुए अग्नि पीड़ित परिवारों के सदस्यों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 20 जून को रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी श्री लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि यह रोजगार मेला खण्डवा रोड़ स्थित शासकीय आईटीआई हरदा में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। मेले में प्रदेश की विभिन्न कम्पनियों द्वारा 300 युवाओं की भर्ती प्रशिक्षु कर्मी, मशीन ऑपरेटर एवं सुरक्षा गार्ड के पदों पर की जाएगी।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव- युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए आने वाले समय में बैतूल जिले में कारखाने खोले जाएंगे

**बैतूल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को पवित्र नगरी में आयोजित आमसभा में आश्वासन दिया कि आने वाले समय में बैतूल जिले में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कारखाने खोले जाएंगे। उन्होंने यह घोषणा नमामि गंगे अभियान के तहत आयोजित सभा में की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल स्त्रोतों का संरक्षण भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है और सरकार इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री यादव ने अपने उद्बोधन में पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया और केंद्र तथा प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश को नंबर वन प्रदेश बनाने के लिए सरकार संकल्पित है और प्रत्येक ब्लॉक में गौशाला बनाई जाएगी। आमजन को त्वरित उपचार के लिए एयर एंबुलेंस की निशुल्क सुविधा भी प्रदान की गई है। श्री यादव ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति जियो और जीने दो का संदेश देती है, और हमें इसी मार्ग पर चलना चाहिए।







### सिर्फ आश्वासन, कोई नई घोषणा नहीं-

कार्यक्रम में मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने मुख्यमंत्री से मुलताई में पॉलिटेक्निक कॉलेज, पवित्र नगरी में मां ताप्ती लोक और जल परियोजनाओं के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग रखी। हालांकि, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने उद्बोधन के दौरान इन मांगों पर कोई घोषणा नहीं की, बल्कि आने वाले समय में इन मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया।

### पर्यावरण संरक्षण का महत्व-

केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके ने अपने विचार रखते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण भी उन्नत जीवन का आधार है और हम सबको मिलकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहना चाहिए। श्री उईके ने लोकसभा चुनाव में अपनी जीत के लिए मतदाताओं का आभार जताया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को केंद्रीय मंत्री बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

### ताप्ती सरोवर पर अभिषेक-

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने निर्धारित समय से लगभग डेढ़ घंटे देरी से पहुंचे। उन्होंने हेलीपैड से नागपुर नाके पर डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और वहां से कलश यात्रा के माध्यम से रोड शो करते हुए ताप्ती सरोवर के तट पर पहुंचे। वहां उन्होंने ताप्ती मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद जगदीश मंदिर के सामने के घाट पर पंडितों के मार्गदर्शन में विधि विधान से मां ताप्ती सरोवर में दूध से अभिषेक किया।

### आमसभा को संबोधित-

मुख्यमंत्री ने अभिषेक के बाद हाई स्कूल मैदान पर पहुंचकर विशाल आमसभा को संबोधित किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, भैंसदेही विधायक महेंद्र सिंह चौहान, घोड़ाडोंगरी विधायक गंगाबाई उईके, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर सहित भाजपा नेता और अधिकारी उपस्थित थे।

# जेएच कॉलेज में प्रोफेसर पर दिनदहाड़े चाकू से जानलेवा हमला, गंभीर हालत में भोपाल रेफर

**बैतूल।** जिले के सबसे बड़े जेएच कॉलेज में आज दिनदहाड़े प्रोफेसर नीरज धाकड़ पर चाकू से जानलेवा हमला हुआ, जिससे कॉलेज परिसर में दहशत फैल गई है। संस्कृत विषय पढ़ाने वाले प्रोफेसर धाकड़ पर अन्नू ठाकुर नामक युवक और उसके साथियों ने प्राणघातक हमला किया। हमले में प्रोफेसर धाकड़ गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते उन्हें भोपाल रेफर कर दिया गया है। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार, जब प्रोफेसर धाकड़ अपने डिपार्टमेंट में काम कर रहे थे, तब अन्नू ठाकुर और उसके साथी कॉलेज में घुस आए और चाकू से उन पर ताबड़तोड़ वार किए। प्रोफेसर को बचाने की कोशिश करने वाले अन्य प्रोफेसरों की आंखों में मिर्ची झोंक कर हमलावर फरार हो गए। इस हमले के बाद से कॉलेज के विद्यार्थी और स्टाफ असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जेएच कॉलेज में सुरक्षा की दृष्टि से गार्ड और सीसीटीवी कैमरे तैनात हैं, फिर भी इस तरह की घटना घटित होने से सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल उठने लगे हैं। इससे पहले भी कॉलेज में गोली चालन और मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं, जो कि कॉलेज प्रशासन की



सुरक्षा व्यवस्था की विफलता को दर्शाती हैं।

### प्राचार्य का बयान-

जेएच कॉलेज के प्राचार्य विजेता चौबे ने कहा, ÷अन्नू ठाकुर नामक एक युवक और उसके साथियों ने प्रोफेसर पर हमला किया है। जब यह हमला हुआ, प्रोफेसर अपने डिपार्टमेंट में काम कर रहे थे। इस घटना की पूरी जानकारी ली जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।÷

### सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल-

कॉलेज में हथियारबंद बदमाशों के आसानी से प्रवेश कर जाने की घटना ने सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गार्ड और सीसीटीवी कैमरों के होते हुए भी सुरक्षा में हुई सेंध चिंता का विषय है। सुरक्षा कर्मियों की लापरवाही के कारण ऐसी घटनाएं बार-बार हो रही हैं, जिन पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।

# मूंग उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा की कलेक्टर सिंह ने

**हरदा (निप्र)।** कलेक्टर श्री आदित्य सिंह ने कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में कृषि, सहकारिता, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, वेयरहाउस कार्पोरेशन, सहकारी बैंक, मार्कफेड व नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर मूंग उपार्जन के लिये की जा रही तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। इस बैठक में वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से सभी एसडीएम और तहसीलदार भी शामिल हुए। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी एसडीएम को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्र के वेयरहाउसों का निरीक्षण कर सत्यापन करें। उन्होने कहा कि मूंग के भण्डारण के लिये वेयरहाउसों के चयन के मामले में शासन द्वारा निर्धारित मानदण्डों का पालन किया जाए। उन्होने राजस्व अधिकारियों के माध्यम से मूंग के रकबे का सत्यापन कराने के निर्देश भी बैठक में दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी एसडीएम को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्र की विकासखण्ड स्तरीय उपार्जन समिति की नियमित रूप से बैठक लें और उपार्जन के लिये की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा करें। उन्होने सभी एसडीएम को खाद एवं बीज की उपलब्धता की समीक्षा करने के निर्देश भी दिये और कहा कि खाद बीज के अवैध भण्डारण की नियमित जांच कर कार्यवाही की जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने अमानक बीज की जांच के लिये सेम्पलिंग के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिये और कहा कि अमानक बीज विक्रय व भण्डारण करने वाली संस्थाओं के लायसेंस निलंबित व निरस्त करने की कार्यवाही करें। उन्होने रबी फसल के लिये खाद का अग्रिम भण्डारण करने के निर्देश भी कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र की उचित मूल्य की दुकानों से सामग्री वितरण व भण्डारण की जांच करने के लिये भी कहा।

बाजपुर में हो रहा है अवैध उत्खनन

# हमलापुर के रास्ते शहर में पहुंच रही बिना रॉयल्टी की रेत

**बैतूल ।** कुछ दिनों पहले कलेक्टर द्वारा रेत माफिया के खिलाफ की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद हड़कंप मच गया था। परंतु बैतूल बाजार क्षेत्र से जुड़े अवैध रेत परिवहन करने वाले कलेक्टर साहब के आदेशों को ताक पर रखकर अवैध उत्खनन कर रहे हैं। शहर से मात्र 7 से 8 किलोमीटर की दूरी पर बाजपुर ग्राम की माचना नदी से रेत और बजरी का अवैध उत्खनन जारी है। यहाँ से निकाली गई बिना रॉयल्टी की रेत को हमलापुर की ओर से ट्रैक्टर ट्राली से लाकर शहर में पूरे दामों पर बेचा जा रहा है, जिससे सरकार को सीधे राजस्व की चपत लगाई जा रही है। कभी-कभी बाजपुर से आरुल बाली रोड पर से बैतूल बाजार पहुंचते हैं।



**दबंगई का सामना करते ग्रामवासी–** क्षेत्र के जानकारों के अनुसार, ग्रामवासियों ने पूर्व में भी इनका विरोध किया था परंतु इनकी दबंगई के सामने वे नतमस्तक हो गए। अपनी दबंगई का फायदा उठाकर यह गिरोह अवैध उत्खनन में माहिर हो गया है।

### पूछताछ में खुलासा-

अवैध तरीके से रेत का परिवहन कर रहे ट्रेक्टर के मालिक से पूछताछ में खुलासा हुआ कि उनके पास किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं है फिर भी वे काम कर रहे हैं। आश्चर्यजनक तो यह है कि अवैध रेत का परिवहन करने वाले ट्रैक्टर ट्राली पर संबंधित फार्म का नाम तक लिखा गया है, जिसे पकड़ने की हिम्मत किसी की नहीं हो रही है। सूत्रों का कहना है कि यह माफिया दावा करता है कि उसे पकड़ने की हिम्मत किसी की नहीं है।

**कलेक्टर की चेतावनी के बावजूद जारी है अवैध उत्खनन–** बैतूल के ईमानदार कलेक्टर ने पूर्व में रेत माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर विभाग के अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी थी। बावजूद इसके, शहर से लगे क्षेत्र में अवैध रेत की ट्रैक्टर ट्रालियां खनिज अधिकारी की कार्रवाई से अभी भी दूर नजर आ रही हैं।

दैनिक
# सद्भावना पाती
...प्राणियों में सद्भावना हो...
इंदौर, शनिवार 15 जून, 2024



## इंदौर : हवा में लटकी चुनावी घोषणाएं

### ● केबल कार प्रोजेक्ट, ट्रैफिक फ्री सिटी, भस्मा आरती स्पेशन बस, इंदौर उज्जैन मेट्रो, सब ठंडे बस्ते में

इंदौर। विधानसभा चुनाव के पहले इंदौर में बड़ी-बड़ी घोषणाएं हुई। पिछले साल पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर से उज्जैन तक सिंहस्थ से पहले मेट्रो ट्रेन के संचालन की बात कही थी। लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय रेल मंत्री आये थे और महाकाल की थीम पर स्टेशन के विस्तार की घोषणा की थी, लेकिन आठ महीने शुरू होना तो दूर, योजना भी ठंडे बस्ते में चली गई।

#### इंदौर से उज्जैन की कनेक्टिविटी कमजोर

इंदौर से उज्जैन के बीच इंदौर में मेट्रो ट्रायल रन के मौके पर घोषण हुई थी कि इंदौर से उज्जैन के बीच वर्ष 2028 के पहले मेट्रो का संचालन शुरू हो जाएगा। सिंहस्थ में लोग मेट्रो की सवारी करेंगे, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई काम नहीं हुआ। इसके लिए मेट्रो कंपनी ने सर्वे तक नहीं किया है। इस साल इंदौर में 17 किलोमीटर हिस्से में मेट्रो के संचालन की घोषणा भी धरी रही गई। इंदौर से उज्जैन के बीच शटल ट्रेन, भस्माआरती स्पेशन बस चलाने की घोषणा भी चुनावी वादा बनकर रह गई।

#### ट्रैफिक फ्री रोड नहीं बना

विधानसभा चुनाव में इंदौर को ट्रैफिक फ्री सिटी बनाने की घोषणा की गई। नगर निगम चुनाव में भी मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने इसे बड़े मुद्दा बनाया था। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मेयर को कहा था कि एक सड़क को ट्रैफिक फ्री सिटी बनाया जाए। आठ माह में ट्रैफिक फ्री सिटी तो बनना दूर, ट्रैफिक फ्री रोड के प्रोजेक्ट पर भी काम शुरू नहीं किया गया।

#### रेलवे स्टेशन का विस्तार नहीं

इंदौर के लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन को महाकाल थीम पर बनाने की घोषणा खुद केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की। वे स्टेशन पर भी आए, लेकिन अभी तक इस पर अमल नहीं हो पाया। मुख्य रेलवे स्टेशन के विस्तार का भूमिपूजन भी हो चुका है, लेकिन अभी तक कोई हलचल नजर नहीं आ रही है। इसके अलावा सीएम राइज स्कूलों का काम भी धीमी गति से चल रहा है। मल्हार आश्रम, अहिल्या आश्रम में अभी तक स्कूल नहीं बन पाए है।

#### केबल कार प्रोजेक्ट हवा में

इंदौर विकास प्राधिकरण ने राजवाड़ा व अन्य सघन क्षेत्रों में केबल कार चलाने की योजना बनाई। इसका फिजिबिलिटी सर्वे भी बोर्ड बैठक में मंजूर किया गया, लेकिन सालभर बाद भी एजेंसी तय नहीं हो पाई है। इसकी घोषणा भी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की थी।

### दिलफेंक पति पर लगा था लव जिहाद का आरोप, हिरासत से भागा तो पत्नी की मदद से पुलिस ने पकड़ा

**इंदौर।** पुलिस हिरासत से भागे लव जिहाद के आरोपित जफर शेख को परदेशीपुरा पुलिस ने बुधवार देर रात चंदननगर क्षेत्र से पकड़ लिया। आरोपित ने थाने की छत से पेड़ के सहारे कूद कर भागना स्वीकारा है। थाने में पदस्थ महिला एसआइ की लापरवाही सामने आई है। चंदननगर निवासी जफर शेख पर 28 वर्षीय युवती की शिकायत पर दुष्कर्म और मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत केस दर्ज हुआ था।

## सड़कों पर आया राधारानी विवाद : पंडित प्रदीप मिश्रा का पुतला किया दहन

### चंद्रगुप्त चौराहा पर पोस्टर पर कालिख पोती और पुतला जलाया

**इंदौर।** कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा राधारानी विवाद पर की गई टिप्पणी पर लोगों का आक्रोश शांत नहीं हो रहा है। प्रदीप मिश्रा ने कहा था कि श्रीकृष्ण की रानियों में कहीं भी राधा का नाम नहीं है और राधा के पति में कहीं भी श्री कृष्ण का नाम नहीं है। उनकी इस टिप्पणी का स्वामी प्रेमानंद महाराज ने भी कड़ा विरोध किया था। राधारानी विवाद के बाद से देशभर में पंडित प्रदीप मिश्रा का विरोध हो रहा है। पंडित प्रदीप मिश्रा ने यह भी कहा है कि उनके वीडियो को गलत तरीके से प्रचारित किया गया है और यदि किसी को भी उनकी कही बात का कोई प्रमाण चाहिए तो वह सीहोर स्थित उनके कुबेरेश्वर धाम आ सकता है।

कालिख पोती, पुतला जलाया

गुरुवार को इंदौर में पंडित प्रदीप मिश्रा का पुतला दहन किया गया और उनके पोस्टर पर कालिख पोती गई। रात में चंद्रगुप्त चौराहा पर धर्मप्रेमी जय सिंह ठाकुर, शैलेंद्र सिंह (रिंकू), प्रियंका सहित कई लोग पहुंचे। सभी ने पं. मिश्रा का पोस्टर लगाया और लोगों को





इकट्ठा किया। इसके बाद पंडित प्रदीप मिश्रा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद पंडित प्रदीप मिश्रा के पोस्टर को चौराहे पर लाकर कालिख पोती गई। इसके साथ ही उन्हें सद्बबुद्धि देने के लिए भजन गाए गए। बाद में उनका पुतला दहन किया। इस दौरान पुलिस भी मौके पर थी लेकिन कोई विवाद या झड़प की स्थिति नहीं बनी। लोगों का कहना है कि व्यास पीठ से इस तरह के बातें कहकर राधा रानी के बारे में टिप्पणी करना बिल्कुल गलत है। कथा वाचक प्रदीप मिश्रा को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। पंडित प्रदीप मिश्रा ने उनकी भावनाओं को आहत किया है।

देशभर में हो रहा विरोध

पंडित प्रदीप मिश्रा की इस टिप्पणी के बाद में देशभर में उनका विरोध हो रहा है। ब्रज के लोगों ने कई जगह पर उनका पुतला दहन किया है। ब्रज के रहवासियों ने यह भी कहा है कि ब्रज में कहीं भी पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा नहीं होने दी जाएगी।

## सराफा चाट-चौपाटी में अब सिर्फ पुरानी दुकानों को ही मिलेगी अनुमति, मौजूदा दुकानों की संख्या होगी कम, प्रस्ताव तैयार कर रहा निगम

**इंदौर।** इंदौर शहर देश दुनिया में स्वच्छता के साथ साथ खान-पान के लिए भी प्रसिद्ध हो चुका है। शहर की सुप्रसिद्ध सराफा चाट-चौपाटी में दुकानों की संख्या कम की जाएगी। इस चौपाटी में सिर्फ पुरातन समय से रही दुकानों को ही अनुमति दी जाएगी। अग्नि सुरक्षा के लिए बनी कमेटी की रिपोर्ट और सोने-चांदी व्यापारियों की मांग के बाद नगर निगम इस बारे में प्रस्ताव तैयार कर रहा है। चुनाव से पहले नगर निगम की कमेटी इस बारे में रिपोर्ट सौंप चुकी है।

आसार है कि आने वाली महापौर परिषद में रिपोर्ट की सिफारिशों पर मुहर भी लग जाए। सालभर पहले इंदौर चांदी-सोना-जवाहरात व्यापारियों ने सराफा चाट चौपाटी को हटाने की मांग की थी। जौहरियों ने कहा था कि चाट-चौपाटी के कारण सराफा का मूल व्यापार प्रभावित हो रहा है। साथ ही बड़े पैमाने पर गैस सिलिंडरों का उपयोग होने से अग्निकांड का खतरा भी बना रहता है। बीते समय हरदा की पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट के बाद सराफा व्यापारियों ने इस बारे में आवाज फिर से बुलंद की। इसके बाद नगर निगम ने एक समिति बनाकर अग्निसुरक्षा पर सराफा चौपाटी का जायजा लिया। इसमें सामने आया कि आपदा की स्थिति में संकरी गली में फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस के जाने में भी परेशानी होगी। आग लगने की स्थिति में संकरी गलियों और मार्केट में अरबों रुपये की कीमती धातुओं के कारोबार को भी नुकसान पहुंचेगा।

**पहले जैसी बने चौपाटी:** सराफा व्यापारी एसोसिएशन ने मांग की थी कि मौजूदा चौपाटी में करीब 300 दुकानें खुल चुकी हैं, जबकि पुराने दौर में यहां 50 से 60 दुकानें थी। चौपाटी पर मूलतः मिठाइयां घर से बनाकर लाते थे और बाजार बंद होने के बाद ओटलों पर दुकान लगाकर बेची जाती थी। ऐसे में न गैस सिलिंडर का प्रयोग होता था न आग का, इससे खतरा नहीं था। धीरे-धीरे चाट-पकौड़ों से लेकर चायनीज, पिज्जा से लेकर पान और तमाम दुकानें यहां लगने लगी। सराफा व्यापारी एसो. के मंत्री अविनाश शास्त्री के अनुसार पुराने स्वरूप की चौपाटी से हमें परेशानी नहीं है। अग्निशमन की बेहतर व्यवस्था के लिए यह जरूरी है। हमने कारीगरों को भी पीएनजी पर शिफ्ट कर लिया है ऐसे में चाट चौपाटी में भी बदलाव जरूरी है।

**यह है प्रस्ताव:** सूत्रों के अनुसार निगम ने प्रस्ताव तैयार किया है कि दशकों पहले से चौपाटी पर सजने वाली मिठाई की मूल दुकानों को जो 60 से 70 थी उन्हें रखा जाएगा। इसके लिए भी ओटलों पर उनकी जगह सीमित करते हुए उन्हें नए आकार में ढाला जाएगा जिससे कि हादसे के समय फायर ब्रिगेड या एंबुलेंस के गुजरने और भीड़ के निकलने के लिए जगह बची रहे। इसे एमआइसी से मंजूरी के बाद अमल में लाया जाएगा।

## संभागायुक्त दीपक सिंह हुए साइबर फ्रॉड का शिकार, ठग ने फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर लोगों से मांगे पैसे

**इंदौर** के संभागायुक्त दीपक सिंह का किसी ने फेसबुक पर फेक अकाउंट बना लिया है। इसकी सूचना खुद सिंह ने अपने वास्तविक अकाउंट पर दी। जिसके उन्होंने कहा कि किसी ने मेरा फर्जी आईडी बना लिया है। कृपया उस अकाउंट से आई फ्रेंड रिक्वेस्ट न ले। इसके बाद उनके अकाउंट पर कमेंट भी कुछ लोगों ने कमेंट भी किए कि उन्हें फर्जी अकाउंट से फ्रेंड रिक्वेस्ट आई है, लेकिन उन्होंने आईडी ब्लॉक कर दी।



दीपक सिंह चार महीने पहले ही इंदौर संभागायुक्त बने है। सिंह सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय रहते है। उनके फेसबुक पर चार हजार से ज्यादा फालोअर्स है। इसका फायदा उठाते हुए सायबर फ्रॉड करने वाले शातिरों ने उनकी फेसबुक पर फर्जी आईडी बना दी और लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज दी। बाद में मैसेजर पर बातें कर थोड़े समय के लिए रुपये देने का मैसेज भी डाले। जब संभागायुक्त सिंह को फेक आईडी का पता चला तो उन्होंने अपने अकाउंट पर इसकी सूचना दी है और किसी को फ्रेंड रिक्वेस्ट ग्रहण न करने के लिए कहा।

इससे पहले भी इंदौर में रहने वाले कुछ अधिकारियों की फेक आईडी बन चुकी है। आईएएस विवके श्रौत्रिय का तो दो मर्तबा फेसबुक पर फेंक अकाउंट बनाया जा चुका है।

## पीएम मोदी द्वारा फिलहाल 100 दिन के लिए बने रोडमेप पर रात-दिन काम करना है : केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर

**इंदौर।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर मंत्री बनने के बाद पहली बार इंदौर आई। विमानतल पर उनका जोरदार स्वागत हुआ इस मौके पर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएं आम वर्ग के लिए बनी है। उसका लाभ जनता को मिले इसके लिए पूरे प्रयास करेंगे। फिलहाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 100 दिन का रोडमैप तैयार किया है। हमें रात-दिन काम कर उसे पूरा करना है। आदिवासी वर्ग से जुड़े सवाल पर ठाकुर ने कहा कि सिर्फ आदिवासी वर्ग ही नहीं सभी के लिए विकास का लक्ष्य मोदी सरकार ने तय कर रखा है।

आदिवासी नृत्य के साथ स्वागत

विमानतल पर मंत्री ठाकुर के स्वागत के लिए आदिवासी नृत्य का आयोजन किया गया। यहां किसी ने मंत्री ठाकुर को मालवी पगड़ी पहनाई तो किसी ने तलवार भेंट की। विमानतल पर नेता व कार्यकर्तागणों से मुलाकात करने के बाद वे महापौर पुष्यमित्र भार्गव के सुदामा नगर स्थित निवास पर पहुँची और उन्होंने महापौर से भेंट की। इस दौरान विभन्न विषयों पर चर्चा भी की गई। महापौर द्वारा इंदौर में महिलाओं के उत्थान के लिए किए जा रहे राज्य और केंद्र की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कार्यों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही भविष्य में क्या बेहतर किया जा सकता है उस पर भी अनौपचारिक चर्चा की।इस दौरान राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार भाजपा ज़िला अध्यक्ष चिंटू वर्मा सहित भाजपा इंदौर एवं धार के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।



## अगले दो दिनों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना : मौसम विभाग

### 15 जून से मानसूनी गतिविधियां बढ़ेगी

**इंदौर।** शहर में दिनभर हल्के बादल छाए रहने व उमस के बाद शहर के पश्चिमी व मध्य क्षेत्र में बूंदाबांदी हुई। वहीं 37 किलोमीटर प्रति घंटे की रतार से हवा भी चली। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना बनी रहेगी। गुरुवार को दिन का तापमान 37.6 डिग्री व रात का तापमान 23.8 डिग्री दर्ज किया गया।

**प्रति चक्रवात सिस्टम से छा रहे हैं बादल:** पिछले 24 घंटे में दिन के तापमान में 1.8 डिग्री की बढ़त व रात के तापमान में 0.6 डिग्री की कमी दर्ज की गई है। आद्रता 35 फीसदी रही। भारत मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया, दक्षिण पश्चिम राजस्थान के ऊपर प्रति चक्रवाती सिस्टम बन रहा है। इसके कारण मप्र में भी बादल छाए हैं। एक से दो दिनों में तेज हवा आंधी के साथबारिश की संभावना बन रही है। 15 जून से मानसूनी गतिविधियां बढ़ेगी। इंदौर सहित खंडवा, खरगोन, बड़वानी, बुरहानपुर में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना रहेगी। यह प्री मानसून हलचल की गतिविधियां हैं।

**इन जिलों में तेज बारिश का अलर्ट**

मौसम विभाग ने प्रदेश के सिवनी, छिंदवाड़ा, मंडला, बालाघाट, पांढुरना, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पन्ना, दमोह, सागर, भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर मालवा, और नीमच जिलों में कहीं-कहीं हल्की तो कहीं-कहीं तेज बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है।

## इंदौर पुलिस को एक और बड़ी सफलता : रेव पार्टी आर्गेनाइजर कशिश गिरफ्तार

### शहर व आसपास दो दर्जन से ज्यादा ठिकानों का किया खुलासा



**इंदौर।** शहर में बीते दिनों एक बड़ी रेव पार्टी पर पकड़े जाने के बाद अब पुलिस के हाथ एक और बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने रेव पार्टी आर्गेनाइज करने वाली उस लड़की को पकड़ लिया है जो इन रेव पार्टी को आर्गेनाइज तो करती ही थी साथ ही साथ पार्टी में कस्टमर लाने की जिम्मेदारी भी इसी की होती थी। स्पा सेंटर और पब में काम कर चुकी इस लड़की के संपर्क में शहर के कई रईसजादे हैं जिन्हें मैसेज कर वो रेव पार्टी में बुलाती थी।

**रेव पार्टी के बाद हो गई थी फरार**

पुलिस के मुताबिक रिवेरा फार्म हाउस में हुई रेव पार्टी पर कार्रवाई के बाद ये पता चला था कि कशिश वाधवानी नाम की युवती ने इस पार्टी को आर्गेनाइज किया था। लेकिन वो घटना के बाद फरार हो गई थी। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी और अब पुलिस ने उसे उसके पुराने घर से पकड़ा है। पुलिस से बचने के लिए कशिश ने अपने मोबाइल की सिम को भी तोड़ कर फेंक दिया था।

**रेव पार्टी के ठिकानों का खुलासा**

पुलिस के मुताबिक कशिश ही वो कड़ी है जो रेव पार्टी में कस्टमर्स बुलाती थी। कशिश पहले स्कल पब और कुछ बार व स्पा में काम कर चुकी है। उसने सैलून भी खोला था, इसलिए उसकी शहर के कई रईसजादों और युवतियों से पहचान है। इसलिए उसने अब रेव पार्टियों में इवेंट मैनेजमेंट और कस्टमर को बुलाने वाला काम शुरू किया था। कशिश ने पुलिस को बताया है कि शहर व आसपास ऐसे दो दर्जन से ज्यादा ठिकाने हैं जहां रात में रेव पार्टी होती हैं।

## जारी किया जाये रिज़ल्ट हमारा भविष्य हमारा-नर्सिंग छात्रा

### छात्रों ने आक्रोश में कहा - रिजल्ट तत्काल जारी कर प्रवेश प्रक्रिया शुरू नहीं की गई तो मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे

( दैनिक सदभावना पाती )

भोपाल। मध्यप्रदेश के नर्सिंग कॉलेज घोटाले का मामला अभी थमा ही नहीं है कि एक और मामला निकल के सामने आ गया है। मध्यप्रदेश के कई जिलों से एनएसयूआई मेडिकल विंग के नेतृत्व में राजधानी भोपाल के जेपी हॉस्पिटल पहुंच कर छात्राओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वाली छात्राओं ने बताया कि वह शासकीय नर्सिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए 2023 में पीएनएसटी का एग्जाम दे चुके हैं मगर उसका परिणाम अभी तक जारी नहीं किया गया। एनएसयूआई नेता रवि परमार ने बताया कि 2022-23 सत्र में प्रवेश के लिए पीईबी (व्यापमं) के द्वारा प्री नर्सिंग सिलेक्शन टेस्ट (पीएनएसटी) की परीक्षा जुलाई 2023 में आयोजित करवाई गई थी परीक्षा देने के बाद 1 से 2 महीने के अंतराल में रिजल्ट घोषित कर दिया जाता है मगर रिजल्ट अभी तक नहीं घोषित किया गया है । जारी किया जाये रिज़ल्ट हमारा भविष्य 66 हजार स्टूडेंट्स ने पीईबी के माध्यम से परीक्षा दी थी। करोड़ों रुपए परीक्षा शुल्क के रूप में पीईबी द्वारा लिए गए लेकिन 1 साल से रिजल्ट जारी नहीं किया वहीं प्राइवेट नर्सिंग कॉलेजों में धड़ल्ले से प्रवेश हो रहें ?




इससे सरकार कीमंशा स्पष्ट हो चुकी है कि प्राइवेट नर्सिंग कॉलेजों को मुनाफा पहुंचाने के लिए ही शासकीय नर्सिंग कॉलेजों के लिए प्रवेश परीक्षा के परिणाम अभी तक घोषित नहीं किए गए जिसकी वजह से 2022 से मध्यप्रदेश के शासकीय नर्सिंग कालेजों में एक भी छात्राओं के प्रवेश नहीं हुई। छात्रों ने आक्रोश में कहा अगर प्री नर्सिंग सिलेक्शन टेस्ट (पीएनएसटी ) परीक्षा का रिजल्ट तत्काल जारी कर प्रवेश प्रक्रिया शुरू नहीं की गई तो मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे।

दैनिक सद्भावना पाती
इंदौर, शनिवार 15 जून, 2024

# संपादकीय


## नीट में धांधली के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

चिकित्सा विज्ञान के स्नातक पाठ्यक्रम के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता और प्रवेश परीक्षा यानी नीट में धांधली के आरोपों को सर्वोच्च न्यायालय ने गंभीरता से लिया है। उसने राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए से इस मामले से जुड़े सवालों का जवाब देने को कहा है। दरअसल, इस बार की नीट परीक्षा के नतीजों में कई तरह की विसंगतियां देखी गई हैं। जब परीक्षा ली गई, तब बिहार और राजस्थान के कुछ केंद्रों पर गलत पर्चे बांट दिए गए थे। बाद में उन्हें दुरुस्त कर दिया गया।

तब विद्यार्थियों ने आरोप लगाया था कि पर्चाफोड़ हुआ है, परीक्षा रद्द कर दुबारा कराई जानी चाहिए। लेकिन एनटीए ने इससे इनकार कर दिया। उसका कहना है कि तकनीकी गड़बड़ी की वजह से गलत पर्चा बंट गया था। फिर नतीजे तय तिथि से दस दिन पहले ही घोषित कर दिए गए। नतीजों में सड़सठ विद्यार्थियों को पूरे सात सौ बीस अंक मिले हैं। यह पहली बार हुआ है। एनटीए का कहना है कि जिन विद्यार्थियों को देर से पर्चे मिले, उन्हें समय की हानि होने के चलते कृपांक दिए गए। उसका क्या आधार है, यह भी स्पष्ट नहीं है।

हालांकि एनटीए अब भी अपनी बात पर कायम है कि पर्चाफोड़ नहीं हुआ और न गलत तरीके से किसी विद्यार्थी को अंक दिए गए। परीक्षा में पूरी तरह पारदर्शिता और शुचिता बरती गई है। उसका यह तर्क सर्वोच्च न्यायालय के सामने सही ठहर पाता है या नहीं, देखने की बात है। एनटीए ने कृपांक की शिकायतों के समाधान के लिए एक जांच समिति गठित कर दी है, लेकिन उस पर विद्यार्थियों को भरोसा नहीं है।





दरअसल, चिकित्सा पाठ्यक्रमों के दाखिले में धांधली की शिकायतें पुरानी हैं। उन शिकायतों को दूर करने के मकसद से ही एनटीए के माध्यम से प्रवेश परीक्षा कराने का निर्णय किया गया था। एनटीए की बनाई गई व्यवस्था के तहत नीट की परीक्षा के प्रश्नपत्र देश के सभी केंद्रों पर एक साथ विद्यार्थियों को मिलते हैं। उनमें किसी तरह की गड़बड़ी की गुंजाइश कम रहने का दावा किया जाता है। फिर भी, जिस तरह एनटीए की दूसरी परीक्षाओं में पर्चे बाहर निकल गए और कई परीक्षाएं रद्द करनी पड़ीं, उससे नीट को लेकर भी आशंका गहरी हुई है। एनटीए को बहुत भरोसेमंद और चाक-चौबंद संस्था माना जाता है, अगर उसकी परीक्षाओं में भी धांधली के आरोप लग रहे हैं, तो स्वाभाविक ही इससे उसकी साख पर सवाल उठते हैं।

पिछले कुछ वर्षों में प्रतियोगी और प्रवेश परीक्षाओं के पर्चे बाहर होने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। न केवल छोटे सरकारी पदों के लिए, बल्कि राज्यों के लोकसेवा आयोगों की परीक्षाओं के भी पर्चे बाहर होने की घटनाएं हो चुकी हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड में अनेक प्रतियोगी परीक्षाएं इसीलिए रद्द करनी पड़ीं कि उनके पर्चे परीक्षा से पहले ही बाहर निकल चुके थे।

इसे लेकर पहले उत्तराखंड सरकार ने कड़े कानून बनाए, फिर केंद्र सरकार ने भी कानून बनाने की घोषणा की। नकल माफिया पर नकेल कसने के लिए हर सरकार कमर कसती दिखती है, लेकिन नकल कराने वालों के हौसले पस्त पड़ते नजर नहीं आते। परीक्षाएं रद्द होने से बहुत सारे विद्यार्थियों की मेहनत पर पानी फिरता, उनका मनोबल टूटता और पैसे की बर्बादी होती है। इस हताशा में कई विद्यार्थी खुदकुशी तक का रास्ता अख्तियार करते देखे जा रहे हैं। जब तक सरकारें इस मामले में दृढ़ इच्छाशक्ति नहीं दिखाएंगी, यह सिलसिला शायद ही रुके।

## इंदौर में वायु प्रदूषण कंट्रोल हेतु मॉनिटरिंग, जनजागरूकता के लिए विशेष प्रयास की आवश्यकता : संभागायुक्त दीपक सिंह

### ● बिना पीयूसी सर्टिफिकेट के वाहन चलाने पर लगेगा जुर्माना

इंदौर। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय और यातायात विभाग द्वारा वाहनों की सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान वाहनों के पीयूसी सर्टिफिकेट एवं प्रदूषण मानकों की जांच की गई। प्रदूषण मानकों पर खरा नहीं उतरने पर वाहनों पर जुर्माना लगाया गया।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि, चेकिंग के दौरान 30 से अधिक वाहनों पर कार्यवाही की गई। वाहनों के दस्तावेज मौके पर और ऑनलाइन नहीं पाए जाने पर 2 वाहनों को जब्त कर कार्यवाही की गई। इस दौरान 50 हजार रूपये जुर्माना भी वसूला गया।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली के आदेशानुसार नॉन अटेन्मेंट सिटी इंदौर की वायु गुणवत्ता सुधार लाने की दृष्टि से एक्शन प्लान मॉनिटरिंग बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संभागायुक्त दीपक सिंह ने की। बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह सहित म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इंदौर के अधिकारीगण एवं अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित थे।


बैठक में संभागायुक्त सिंह ने कहा कि, इंदौर में वायु प्रदूषण कंट्रोल हेतु मॉनिटरिंग, जन जागरूकता के लिए विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण के विभिन्न घटकों पर अलग-अलग स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए तथा व्यवस्थित रणनीति के साथ आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए कार्य को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदूषण के विभिन्न घटकों इंडस्ट्रीज, वाहन, धूल मिट्टी आदि से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने संबंधित आवश्यक गतिविधियों और कार्यवाही संबंधी निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि, प्रदूषण नियंत्रण हेतु जिन भी मानकों पर कार्य करने की आवश्यकता है उन पर बेहतर रणनीति के साथ कार्य किया जाए। इसके लिए चरणबद्ध एक्शन प्लान तैयार करें।

कुलमिलाकर, देखा जाए तो इंदौर में कलेक्टर सिंह के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय और यातायात विभाग द्वारा वाहनों की सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि, चेकिंग के दौरान 30 से अधिक वाहनों पर कार्यवाही की गई।

## आज का कार्टून




## खर्च कम, आमदनी ज्यादा फिर भी बाबू ठन-ठन गोपाल !






**सुनील चतुर्वेदी**

लो भला ऐसा भी कहीं होता है ! कुछ तो भी !! मेरी बात पर ऐसा संदेह तो तब लाजमी है जब यह पता हो कि पानी का सालाना खर्च कितना है और बरसात का कितना पानी छत, खेत या गाँव, शहर में आता है यानी आमदनी कितनी है। कोई जानता होगा, कोई नहीं भी और कोई आधा-अधूरा। तो चलो आज इसकी भी पड़ताल कर ली जाए।

बरसात के सीजन में जितना पानी ज़मीन पर आता है उसका लगभग 70-80 प्रतिशत पानी गाँव, खेत, मैदानों से व्यर्थ बहकर चला जाता है जो सड़कों पर भरता है और नदी, नालों में बाढ़ का कारण बनता है। शहरी क्षेत्र में घरों की छत से तो कुल वर्षा का 90 प्रतिशत पानी बहकर निकल जाता है। अब सवाल है आखि़र बरसात के मौसम में हमारे खेत, मैदान में कितना पानी गिरता है ? यह पता करना कोई कठिन पहेली नहीं है। आप आयतन निकालना जानते हैं तो आने वाले पानी की मात्रा निकाल सकते हैं। इसके लिये आपको दो आँकड़े पता होना चाहिये। एक- आपके गाँव, शहर, खेत, छत का क्षेत्रफल, दूसरा-आपके यहाँ की औसत वर्षा।

उदाहरण के लिये औसत वर्षा 1 मीटर है तो एक हेक्टेयर ज़मीन पर लगभग पूरे बारिश के मौसम में 1 करोड़ लीटर पानी आयेगा और इसमें से क़रीब 70-80 लाख लीटर पानी उस क्षेत्र से बहकर व्यर्थ चला जाता है। ठीक इसी तरह शहरी क्षेत्र में 100 वर्ग मीटर की छत पर 1 मीटर बारिश होने पर 90 हज़ार लीटर पानी बह जाता है। आप अन्दाज़ लगा सकते हैं कि यदि आपके गाँव, शहर का क्षेत्रफल 1000 हेक्टेयर है तो कितना पानी हर साल आपके गाँव शहर से बहकर चला जाता है। निश्चित रूप से व्यर्थ बहकर जाने वाले वर्षाजल की मात्रा आपकी ज़रूरत से कहीं ज्यादा है।

इसका मतलब तो यह हुआ कि हमारे पास पानी का संकट नहीं है असल समस्या है हम बरसात के मौसम में आने वाले पानी को रोक नहीं पा रहे हैं। यदि हम इस व्यर्थ बहने वाले वर्षा जल का 60-65 प्रतिशत पानी भी रोक लें तो जल संकट का समाधान हो सकता है। यहाँ एक बात और जान लें कि आदर्श स्थिति में कुल बारिश का 6 प्रतिशत पानी प्राकृतिक रूप से रिसकर भू-जल स्तर तक पहुँचता है। वर्तमान में सीमेंट कंकरीट के जंगल खड़े हो जाने से ज़मीन में रिसकर नीचे पहुँचने वाले इस पानी की मात्रा और कितनी कम हो गयी होगी !

इस कारण ज़मीन के नीचे पानी की उपलब्धता और हमारी आवश्यकता के अनुपात में एक असंतुलन निर्मित हो गया। यदि हम वर्षाजल का कुछ हिस्सा सही रीचार्जिंग तकनीक अपनाकर ज़मीन के नीचे पहुँचा दें तो हमारा जल स्तर जो वर्तमान में उतार पर है फिर से ऊपर उठना शुरू हो जायेगा।

अब बताइये, यह मिसाल तो सच साबित हुई कि खर्च कम, आमदनी ज्यादा फिर भी बाबू ठन-ठन गोपाल !

अब सवाल है इस बहते वर्षाजल को कैसे रोकें ? क्या आज से पहले भी वर्षाजल संरक्षण की हमारी कोई परंपरा रही है ?

## तीन दिवसीय कार्टूनशाला का शुभारंभ


### लहरी अंकल से बच्चों ने सीखे कार्टून और चित्रकारी के गुर

इंदौर। इंदौर प्रेस क्लब द्वारा सदस्यों और मीडियाकर्मियों के बच्चों के लिए ख्यात कार्टूनिस्ट इस्माइल लहरी की तीन दिवसीय कार्टूनशाला का कल शुभारंभ हुआ। लहरी ने कार्टूनशाला के पहले दिन करीब 55 बच्चों को कार्टून बनाने की बारीकियां समझाते हुए लाईन, गोलों व अंडाकार गोलों के माध्यम से कार्टून तथा रेखा चित्रों से चेहरे बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्टूनशाला के शुभारंभ अवसर पर बच्चों को मोटिवेट करने के लिए प्रसिद्ध चित्रकार शुभा वैद्य (ताई) भी शामिल हुईं। उन्होंने बच्चों के हाल-चाल जानने के बाद सीधी साधी भाषा में पेंटिंग की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पेंटिंग बनाने से पहले चेहरे, उसके हाव-भाव व पहनावा को ध्यान में रखें। कोई भी कला आपको एक अच्छी बड़ी पहचान दिला सकती है। इसीलिए किसी भी कला को सीखने में जी तोड़ मेहनत करें। आपको सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा कि लहरी जी जैसे कलाकार से आपको पेंटिंग या कार्टून की बारीकियां सीखने को मिल रही हैं, यह आपका सौभाग्य है। इस अवसर पर स्वागत भाषण देते हुए प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने कहा कि



पिछले कई वर्षों से हम कार्टूनशाला का आयोजन करते आ रहे हैं। बच्चों की क्रिएटिविटी को ध्यान में रख हमने यह आयोजन किया है। इस कार्टून शाला के माध्यम से बच्चे ड्राईंग कला के साथ अन्य क्रिएटिविटी से अवगत होंगे। कार्टूनशाला में अतिथि के रूप में पधारी ख्यात चित्रकार शुभा वैद्य और कार्टूनिस्ट और प्रशिक्षक इस्माइल लहरी का स्वागत प्रेस क्लब प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी एवं कोषाध्यक्ष संजय त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी, महासचिव हेमंत शर्मा, मुकेश तिवारी, लक्ष्मीकांत पंडित, अजीज खान, चेतन मोहनवानी, अजय पाल, धर्मेंद्र सांगले, विजय महाजन, धीरज दुबे, अर्पण जैन, राजेंद्र गुप्ता, मार्टिन पिंटो, सपना मिश्रा सहित बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

आपकी शिकायत/समस्याओं में
आपका साथी
दैनिक सद्भावना पाती




शिकायत / पत्र संपादक के नाम
आप किसी समस्या, शिकायत, मुद्दे, जानकारी, गड़बड़ी, भ्रष्टाचार, नियम विरुद्ध काम आदि की शिकायत संपादक के नाम व्हाट्सएप पर भेज सकते हैं।
सर्वप्रथम आप अपने मोबाइल में सीएम हेल्पलाइन 181 एप डाउनलोड करें
और उस पर शिकायत उपरांत हमे उसका स्क्रीन शॉट और फोटो भेजें।
हम उस शिकायत को दैनिक सदभावना पाती में प्रकाशित करेंगे और आपकी समस्या/शिकायत को शीघ्र खत्म करने का प्रयास करेंगे।
केवल व्हाट्स एपकरें, कॉल न करें।
व्हाट्स ऐप न. 9685611304
ईमेल आईडी- reporter.spnews@gmail.com
नोट :- जनहित की समस्याओं पर उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट, सोना 50 रुपये तो चांदी की कीमत 550 रुपये लुढ़की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोर रुझान के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने की कीमत 50 रुपये की कमी के साथ 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज का कहना है कि स्थानीय बाजार में गुरुवार को सोने की पुरानी कीमतें 50 रुपये फिसल गई। बुधवार को सोने की कीमत 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी का हाल भी कमोबेश कुछ ऐसा ही है। चांदी भी 550 रुपये टूटकर 90,950 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। बता दें, पिछले सत्र में चांदी की कीमत 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा 'दिल्ली के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने का हाजिर भाव 50 रुपये की कमी के साथ 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है। वैश्विक बाजारों में कॉमेक्स पर सोने का हाजिर भाव दो डॉलर की कमी के साथ 2,313 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गया है। गांधी ने अनुसार अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने कहा था कि हाल के महीनों में मुद्रास्फीति अपने लक्ष्य स्तर से और नीचे गिर गई है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के इस बयान के बाद सोने की कीमतों में गिरवाट देखने को मिली। गांधी ने आगे कहा कि यूएस फेडरल अधिकारियों ने भी इस साल सिर्फ एक बार अपनी ब्याज दर में कटौती का संकेत दिया है। उधर बाजार विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई।

### भारत के पास गेहूं का पर्याप्त स्टॉक, सरकार ने कहा- आयात शुल्क कम करने की कोई योजना नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने गुरुवार को बताया कि भारत के पास घरेलू जरूरतों को पूरा करने और कीमतों को स्थिर रखने के लिए और जरूरत पड़ने पर बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए पर्याप्त गेहूं का भंडार है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग गेहूं के बाजार मूल्य की बारीकी से निगरानी कर रहा है। सरकार ने बयान जारी कर कहा, यह सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त कदम उठाए जाएंगे कि शरारती तत्वों द्वारा जमाखोरी न हो और कीमत स्थिर बनी रहे। 2024 में रबी विपणन सीजन के दौरान, विभाग ने 112 मिलियन टन गेहूं उत्पादन की सूचना दी। सरकारी स्वामित्व वाले भारतीय खाद्य निगम ने 11 जून तक लगभग 2.66 करोड़ टन अनाज की खरीद की है।

### महाराष्ट्र में 3000 करोड़ रुपये निवेश करेगी मर्सिडीज बेंज

**मुंबई एजेंसी।** र्मनी की कार विनिर्माता कंपनी मर्सिडीज बेंज महाराष्ट्र में 3,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मंच 'एक्स' पर लिखा कि जर्मनी की यात्रा के दौरान उन्होंने मर्सिडीज बेंज के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान अधिकारियों से राज्य में निवेश अवसरों पर चर्चा की गई। सामंत ने कहा 'मर्सिडीज बेंज इस साल महाराष्ट्र में 3,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे राज्य में रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी।' उद्योग मंत्री उदय सामंत ने आगे कहा कि इस निवेश से विधानसभा चुनावों में शिवसेना-भाजपा-राकांपा सरकार को मजबूती मिल सकती है।

# एक महीने में 14 करोड़ से ज्यादा शेयर खरीदे, म्यूचुअल फंड्स का सुजलॉन एनर्जी पर बड़ा दांव




**नई दिल्ली, एजेंसी।** म्यूचुअल फंड्स ने पिछले महीने मई में विंड एंड सोलर एनर्जी कंपनी सुजलॉन एनर्जी पर जमकर दांव लगाया है। म्यूचुअल फंड्स ने मई में सुजलॉन एनर्जी के 14.21 करोड़ शेयर खरीदे हैं। 31 मई 2024 के आखिर तक म्यूचुअल फंड्स के पास सुजलॉन एनर्जी के टोटल 45.03 करोड़ शेयर हो गए हैं। 30 अप्रैल 2024 के आखिर में म्यूचुअल फंड्स के पास सुजलॉन एनर्जी के 30.81 करोड़ शेयर थे। इकनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट में यह बात नुवामा की रिपोर्ट के हवाले से कही गई है। सुजलॉन एनर्जी के शेयर शुक्रवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 50.25 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। सुजलॉन एनर्जी के शेयर एक्सिस म्यूचुअल फंड के लिए टॉप न्यू एंट्री थे। वहीं, एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने सुजलॉन एनर्जी के करीब 2.55 करोड़ शेयर खरीदे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ये शेयर 121 करोड़ रुपये की अनुमानित कीमत पर खरीदे गए हैं। पिछले महीने मई में सुजलॉन एनर्जी के शेयरों में 15 पर्सेंट का उछाल आया है। वहीं, इस साल अब तक सुजलॉन एनर्जी के शेयरों में 31 पर्सेंट के करीब तेजी आई है। बीएसई पर उपलब्ध शेयरहोल्डिंग डेटा के मुताबिक, 31 मार्च 2024 तक म्यूचुअल फंड्स की सुजलॉन एनर्जी में 1.86 पर्सेंट हिस्सेदारी थी। म्यूचुअल फंड्स के पास 25.26 करोड़ से ज्यादा शेयर थे। जून तिमाही के शेयरहोल्डिंग डेटा जुलाई में डिक्लेयर होंगे। म्यूचुअल फंड्स ने अप्रैल और मई इन 2 महीनों में सुजलॉन एनर्जी के करीब 20 करोड़ शेयर खरीदे हैं। सुजलॉन एनर्जी के शेयरों में पिछले एक साल में 249 पर्सेंट का उछाल आया है। कंपनी के शेयर 14 जून 2023 को 14.41 रुपये पर थे।

, जो कि 14 जून 2024 को 50 रुपये के पार पहुंच गए हैं। सुजलॉन एनर्जी के शेयरों में पिछले 2 साल में 613 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है।

## UGC's move to admit students twice a year: Infrastructure, designing academic sessions biggest challenges

The recent decision of the University Grants Commission (UGC) allowing universities to admit students twice a year has drawn mixed responses. While students are happy that they will have more flexibility, most academics think the shift in higher education necessitates a complete overhaul of existing administrative and logistical frameworks in universities.

The UGC has said that biannual admissions are not mandatory, but the decision now provides "flexibility" to institutions that might want to "increase their student intake and offer new programmes in emerging areas." The Commission did not have wider consultation with the colleges and the universities. Several forums exist where vice-chancellors or associations of universities meet. UGC did not consult any of them regarding the feasibility of admitting students twice a year or the preparedness of a university. It has also not identified what programmes could be offered bi-annually.

The Indira Gandhi National Open University (IGNOU) offers programmes in two terms, however, it does not offer technical and professional courses. The UGC, although, did mention that it is up to the universities whether or not to admit students in two terms, it has failed to answer in which course. Admitting students in technical and professional courses in two terms in a year, would mean, more manpower to accommodate them. Students are happy that their year will not get wasted, but if due to administrative reasons which will be prominent, a university will not implement this process, students will start demanding. This is where we will fail again. This decision of the UGC is, however, student-centric.

### सीयूईटी पीजी काउंसलिंग:19 जून से ग्रुप ए में प्रवेश के साथ शुरू होगी काउंसलिंग, शेड्यूल जारी

**इंदौर।** कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) पीजी कक्षाओं में प्रवेश के लिए काउंसलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। पहली बार सबसे कम आवेदन देवी अहिल्या विश्वविद्यालय को प्राप्त हुए हैं। 1400 सीटों के लिए महज 2300 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश की इच्छा जताई है। इस लिहाज से एक सीट के लिए दो दावेदार भी नहीं है। हालांकि इससे माना जा रहा है कि चुनिंदा कोर्स की 70 प्रतिशत सीटें पहले चरण में भर जाएंगी। वहीं, 19 जून से ग्रुप ए में प्रवेश के साथ काउंसलिंग शुरू होगी, जो तीन दिन तक चलेगी।

43 पाठ्यक्रम की 1400 सीटों के लिए 40 हजार विद्यार्थियों ने सीयूईटी पीजी की परीक्षा दी, लेकिन 35 दिन चले पंजीयन प्रक्रिया के बावजूद 2300 छात्र-छात्राएं ही आवेदन कर पाए हैं। अधिकांश विद्यार्थियों की पहली पसंद आईएमएस-आईआईपीएस से संचालित एमबीए पाठ्यक्रम है। एलएलएम, एमफार्मा और एमटेक पाठ्यक्रम दूसरी पसंद हैं। इस बार सीयूईटी में आईईटी के एमई और कई अध्ययनशालाओं के एमएससी पाठ्यक्रम जोड़े गए हैं। 19 से 21 जून तक काउंसलिंग निर्धारित है, लेकिन उसमें पहले एनआरआइ सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। तीन दिन के भीतर विश्वविद्यालय प्रशासन आठ ग्रुप में बांटे गए पाठ्यक्रमों की सीटों के लिए काउंसलिंग करेगा।

सीयूईटी समन्वयक डा. कन्हैया आहूजा ने कहा कि काउंसलिंग शेड्यूल में प्रत्येक ग्रुप और पाठ्यक्रम की सीटें और रैंक के बारे में दर्शाया है। उसके आधार पर विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होना है। विद्यार्थियों को सभी दस्तावेजों की मूल प्रतियां लेकर काउंसलिंग के लिए पहुंचना होगा।

# IGNOU launches MBA programme in Agribusiness Management (MBAABM)

The Indira Gandhi National Open University (IGNOU) School of Agriculture is launching a Master of Business Administration (Agribusiness Management) that aims to prepare competent business professionals to boost the agricultural business and farmer's economy.

This new programme intends to develop business professionals for managing farm businesses and agro-based industries profitably. The programme is of two-year duration and it can be completed in the maximum duration of four years. Candidates with a bachelor's degree in any discipline are eligible to enroll in the MBA Agribusiness Management programme. MBAABM programme at IGNOU fosters managerial skills and will also provide need-based education, enhancing efficiency and generating more livelihoods and profitability in the agriculture sector to improve the socio-economic conditions for those involved in agribusiness.

The major objectives of the programme are to generate competent business professionals in agriculture, food, rural, and allied sectors; fostering startups and entrepreneurship among farmers, intermediaries and traders within the agri-business chain. It seeks to equip these professionals with specific managerial skills, develop expertise in managing the techno-commercial aspects of agribusiness and impart the knowledge necessary to effectively address national development plans, agricultural policies and global trade.

The programme targets a diverse range of participants, including fresh graduates, progressive farmers and agricultural extension workers. It caters to traders, intermediaries, technicians, and managers in agro-industries and enterprises dealing with farming inputs and outputs. Additionally, the programme is ideal for startups, entrepreneurs, market researchers, managers, and personnel from government and non-governmental organisations involved in agriculture and allied sectors.

The Master of Business Administration (Agribusiness Management) programme at IGNOU includes comprehensive courses designed to equip students with a broad range of skills in management and agribusiness. The programme focuses on agribusiness management and policies, project management, commodity trading, production and supply chain management, procurement and materials management in agribusiness, along with a significant project work component.

Detailed learning will be provided on management aspects of agriculture business activities in horticultural production, post-harvest management, livestock, agri-equipment, renewable energy in agriculture, organic farming, food safety and quality and agricultural extension. The programme leads to a robust foundation and advanced expertise in managing various aspects of agribusiness.

# IIT-Madras starts sports excellence-based admissions in UG programmes, admission through JEE score

The Indian Institute of Technology Madras (IIT Madras) will start the 'Sports Excellence Admission' (SEA) from this academic year 2024-2025. The institute, in a statement announced, will offer two supernumerary seats. Of these, one will be exclusively for female students, in each of its undergraduate programmes for Indians.

IIT Madras claims to be the first IIT in the country to introduce admissions for sportspersons in its undergraduate programmes. This program aims to further encourage deserving students to pursue higher education while continuing to excel in their sports.

The admission process through SEA will require a student to qualify JEE (Advanced). However, the admission will not be through the Joint Seat Allocation Authority (JoSAA) portal but through a separate portal operated by IIT Madras, which was launched on June 11, 2024.

Welcoming sportspersons to apply through the SEA, Prof V Kamakoti, director, IIT Madras, said, "Sports not only teaches youth to maintain good health and disciplined life but also the mental maturity to handle success and failures, and how to transform failures to success with perseverance and hard work. Sports quota will ensure the presence of youth with these qualities in our campus who will be role models for other children." Candidates who have secured a position in the Common Rank List (CRL) or category-wise rank list in the JEE (Advanced) 2024, and have won at least one medal in any national/international-level sports competition in the last four years are encouraged to apply. A separate 'Sports Rank List' (SRL) will be prepared based on the total score obtained by the candidates based on their performance in a specific list of sports. The seat allotment will be done based on this list. IIT Madras has added many sports-related electives and has state-of-the-art sports infrastructure besides research facilities. This includes the Center of Excellence in Sports Science and Analytics (CESSA), which delivers high quality sports science and education courses. It is also developing sports coaching products targeted at students and coaches through various strategic collaborations.

## JEE Advanced 2024 AAT results out

The Indian Institute of Technology Madras (IIT Madras) has released the Joint Entrance Examination Advanced Architecture Aptitude Test (JEE AAT) 2024 result on June 14. The JEE Advanced 2024 result link is active on the official website at – jeeadv.ac.in.

This year, the AAT exam was conducted on June 12 from 9 am to 12 noon. The registration for the exam began on June 9 at 10 am after the declaration of the JEE Advanced 2024 result and the portal was closed on June 10 at 5 pm. To qualify the JEE Advanced AAT exam, candidates need to secure marks above the cut-off score declared by the Joint Implementation Committee of JEE Advanced 2024. The committee will not release a rank list for the AAT exam.

Candidates seeking to be enrolled on the BArch programme at IIT Kharagpur, IIT (BHU) Varanasi, and IIT Roorkee need to qualify for the JEE Advance AAT, in addition to having at least 75 per cent in class 12 board or equivalent exam to be eligible for BArch admission. However, the aggregate qualifying marks criteria for candidates from SC, ST and PwD category for class 12 exam is a minimum of 65 per cent. The seat allocation for JEE Advance AAT will be influenced by the candidates category-wise All India Rank (AIR) in the JEE Advanced 2024.

## नंबर 1 इंदौरवासियों को नंबर 1 घड़ियों की सौगात देने आई कमल वॉच कंपनी

### कमल कंपनी अपने ग्राहकों के लिए 70 ब्रांडों से 5000 से अधिक शैलियों के सबसे बड़े और प्रमाणित वॉच कलेक्शन की पेशकश करती है- एमडी वेणु गोपाल तोतला

(दैनिक सदभावना पाती)







**इंदौर।** शहरवासियों को खूबसूरत और ब्रांडेड घड़ी की सौगात देने के लिए कमल वॉच कंपनी अपने इंदौर शहर में पहले स्टोर की शुरुआत करने जा रही है। 1969 में एबिड्स, हैदराबाद से कमल वॉच कंपनी के पहले रिटेल आउटलेट की शुरुआत हुई थी। उसके बाद से देश के अलग-अलग शहरों में कंपनी ने अपने आऊटलेट के जरिए अपने ब्रांड की पहुंच बनाई। कमल वॉच कंपनी एक परंपरा है जो समय के साथ और बढ़ती गई। वर्तमान में उनके 5 राज्यों के 10 शहरों में 50 से अधिक स्टोर खुल चुके हैं। वह अपने ग्राहकों को एक ग्राहक के रूप में नहीं, बल्कि मेहमानों के रूप में ही देखते हैं। यही कारण है कि उनके सभी स्टोर पर ग्राहकों का हमेशा से ही गर्मजोशी से स्वागत किया जाता रहा है। वह उनसे किसी ऐसे व्यक्ति के रूप में मिलते हैं जिस पर वह भरोसा कर सकते हैं। परंपरा और सम्मान की यही भावना उनके सभी आऊटलेट्स पर बखूबी दिखाई देती है। कमल वॉच की ग्राहक संतुष्टि और सम्मान को लेकर प्रतिबद्धता तीन पीढ़ियों से चली आ रही है। उनकी यही भावना ग्राहकों को उनके प्रति आकर्षित करती है। ग्राहक उस स्टोर को अपना मानते हैं और खुशी व भरोसे के साथ शॉपिंग करते हैं। कमल कंपनी अपने ग्राहकों के लिए 70 ब्रांडों से 5000 से अधिक शैलियों के सबसे बड़े और प्रमाणित वॉच कलेक्शन की पेशकश करती है। एमडी वेणु गोपाल तोतला ने सदभावना पाती से चर्चा में बताया की घड़ी के बेजोड़ चयन, विशेषज्ञ सेवा और मरम्मत ने ही उन्हें ग्राहकों के बीच ÷सर्वश्रेष्ठ घड़ी डीलर÷ के रूप में पहचान दिलाई है। यही परंपरा और विरासत अब हमारे शहर को भी मिलने जा रही है। डायरेक्टर वेदांत तोतला ने बताया कंपनी अपना नया स्टोर ऑर्बिट मॉल शॉप नंबर 37,38, 39 ए, वाणिज्यिक क्षेत्र, एबी रोड, पर शुरू कर रही है। 14 जून 2024 को शाम 4 बजे अभिनेत्री श्रेया कालरा द्वारा कंपनी के नए स्टोर का उद्घाटन किया गया श्रेया ने अपने शहर वासियों को स्टोर विजिट करने की बात कही।

# नाहर जीतो द्वारा सात दिवसीय साहित्यिक कार्यक्रम बूकोथॉन का भव्य आयोजन

(दैनिक सदभावना पाती)




देश -दुनिया की बेहतरीन 108 किताबों और उनके लेखकों के जरिए, सीखने की चाह रखने वालों और प्रबुद्ध वर्ग को नाहर जीतो ÷बूकोथॉन÷ के जरिए एक मंच पर लाने का प्रयास किया जा रहा है।7 जुलाई 2024 से 14 जुलाई 2024 तक चलने वाले इस वर्चुअल साहित्यिक यात्रा में सभी निशुल्क रजिस्ट्रेशन करवा सकते है।इसमे करीब 48 मिनिट के 108 सेशन होंगे जो बेहतरीन लेखकों द्वारा लिए जाएंगे।आप अपने पसंदीदा लेखकों को न केवल सुन पायेंगे बल्कि उनके विचारों को ओर भी करीब से जान पाएंगे। नाहर जीतो बूकोथॉन के प्रमुख संयोजक कैलाश जी गोलछा का मानना है कि ऐसा सहित्यिक आयोजन करवाने का मुख्य उद्देश्य सोचने और समझने वाले प्रबुद्ध वर्ग की एक ऐसी कम्यूनिटी तैयार करना है जिसमे बिज़नेस, लाइफ स्किल ,आदि अनेको विषयों पर खुलकर बात की जा सके।वही जीतो सीएफ़ई चैयरमैन सीए ऋषभ सावनसुखा ने बताया कि लेखकों और किताबों का चयन करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि किसी भी जाति, धर्म, राजनीति विशेष से सम्बंधित किताबो को इसमे शमिल न किया जाए,ताकि तर्क और कुतर्क से दूर सौहार्दपूर्ण वातावरण में ज्ञानवर्धक विषयों पर चर्चा हो सके।डायरेक्टर इंचार्ज हितेश जी के अनुसार बडे-बड़े। संगठन अपने कर्मचारियों का रजिस्ट्रेशन करवा रहे है,वही साहित्यिक संस्थानो, एनजीओ, स्कूलों, कॉलेजो,ने भी इसमें भाग लेने में रुचि दिखाई है।इतने बड़े लेवल पर जहाँ 108 लेखकों से रूबरू होने का मौका मिलना अपने आप मे इस तरह का पहला साहित्यिक कार्यक्रम होगा।



# गंगा दशहरा पर बन रहा है अद्भुत संयोग

**हिन्दू धर्म में गंगा नदी को देवी के रूप में पूजा जाता है. शास्त्रों में उन्होंने मोक्षदायिनी कहा गया है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, गंगा में डुबकी लगाने से व्यक्ति के सभी पाप दूर हो जाते हैं और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है. हिन्दू धर्म में मां गंगा की उपासना के लिए गंगा दशहरा पर्व को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है. वैदिक पंचांग के अनुसार, यह पर्व ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के दिन गंगा दशहरा पर्व मनाया जाता है. बता दें कि इस वर्ष गंगा दशहरा के दिन कई शुभ योग का निर्माण हो रहा है. आइए जानते हैं गंगा दशहरा तिथि और शुभ मुहूर्त.**

## गंगा दशहरा 2024 तिथि

वैदिक पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि 16 जून रात्रि 02 बजकर 32 मिनट पर शुरू हो रही है और इस तिथि का समापन 17 जून सुबह 04 बजकर 40 मिनट पर होगा. उदया तिथि के अनुसार, गंगा दशहरा पर्व 16 जून 2024, रविवार के दिन मनाया जाएगा.

## गंगा दशहरा 2024 शुभ योग

पंचांग में बताया गया है कि गंगा दशहरा के दिन हस्त नक्षत्र सुबह 11 बजकर 13 मिनट तक रहेगा और इसके बाद चित्रा नक्षत्र शुरू हो जाएगा. साथ ही इस विशेष दिन पर सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग और अमृत सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है, जिन्हें पूजा-पाठ के लिए उत्तम माना जा रहा है. इस शुभ मुहूर्त में पूजा-पाठ करने से पूर्ण फल प्राप्त होता है.

धर्म शास्त्रों में मां गंगा को मोक्षदायिनी के रूप में वर्णित किया गया है. ऐसे में गंगा दशहरा के दिन पवित्र स्नान करने से रोग, दोष इत्यादि से छुटकारा मिल जाता है और जीवन में सुख समृद्धि आती है. धर्म-ग्रंथों में यह भी बताया गया है कि गंगा नदी भगवान शिव की जटाओं से निकलती हैं. ऐसे में इस विशेष दिन पर भगवान शिव की विधिवत उपासना करने से भी विशेष लाभ प्राप्त होता है और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है. इस विशेष दिन पर पितरों को तर्पण प्रदान करने से भी लाभ प्राप्त होता है.



# कब है गंगा दशहरा शुभ मुहूर्त और पूजा विधि

**हिन्दू पंचांग के अनुसार, प्रति वर्ष ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा पर्व मनाया जाता है। इस बार यह तिथि 16 जून को मनाई जा रही है। आइए जानते हैं गंगा दशहरा क्यों खास हैं, जानिए इस पर्व का महत्व।**

ज्येष्ठ माह में आने वाले सभी त्योहारों का विशेष महत्व है। इस माह में वट सावित्री व्रत, शनि जयंती, अपरा एकादशी जैसे बड़े पर्व आते हैं। इन्हीं में से एक है गंगा दशहरा! ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के दिन गंगा दशहरा मनाया जाता है। हिंदू धर्म में इस तिथि को बेहद ही शुभ माना जाता है। इस दिन गंगा नदी की विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाती है। साथ ही दान जैसे पूण्य कार्य करते हुए गंगा में स्नान किया जाता है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गंगा में डुबकी लगाने से व्यक्ति के सभी पाप धुल जाते हैं। यही नहीं उसे सुख-समृद्धि का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है। शास्त्रों में गंगा माता को मोक्षदायिनी भी कहा गया है। ये भी माना जाता है कि गंगा नदी शिव जी की जटाओं से निकलती हैं, इसलिए इस दिन शिव जी की भी पूजा करनी चाहिए। इससे विशेष लाभ की प्राप्ति होती है। इसी कड़ी में आइए जानते हैं कि इस साल गंगा दशहरा कब है ?

## इस साल कब है गंगा दशहरा

इस साल 16 जून 2024 के दिन गंगा दशहरा मनाया जाएगा। इस दिन स्नान के लिए ब्रह्म मुहूर्त बेहद शुभ होता है। हालांकि, गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर सुबह 7 बजकर 8 मिनट से सुबह 10ः37 तक शुभ मुहूर्त रहने वाला है।

## गंगा दशहरा की पूजा विधि

- गंगा दशहरा पर ब्रह्म मुहूर्त में गंगा स्नान करें।
- इसके बाद साफ वस्त्रों का धारण करके सूर्यदेव को अर्घ्य दें।
- इस शुभ दिन पर गंगा मां के साथ-साथ शिव जी की पूजा करने का भी विधान है।
- इस दौरान गंगा स्त्रोत का पाठ करने से व्यक्ति को शुभ फलों की प्राप्ति होती है।
- पूजा के बाद आप जरूरतमंद लोगों को दान कर सकते हैं।

## गंगा स्नान से ये पाप होते हैं नष्ट

गंगा स्नान करने से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। माना जाता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से 10 पाप नष्ट हो जाते हैं। इनमें निषिद्ध हिंसा, परस्त्री गमन, बिना दी हुई वस्तु को लेना, कठोर वाणी, दूसरे के धन को लेने का विचार, दूसरों का बुरा करना, व्यर्थ की बातों में दुराग्रह, झूठ बोलना, चुगली करना, दूसरों का अहित करना शामिल है।

## गंगा दशहरा का महत्व

धार्मिक मान्यता के अनुसार, गंगा मां की आराधना करने से व्यक्ति को दस प्रकार के पापों से मुक्ति मिलती है। गंगा ध्यान एवं स्नान से प्राणी काम, क्रोध, लोभ, मोह, मत्सर, ईर्ष्या, ब्रह्महत्या, छल, कपट, परनिंदा जैसे पापों से मुक्त हो जाता है। गंगा दशहरा के दिन भक्तों को मां गंगा की पूजा-अर्चना के साथ दान-पुण्य भी करना चाहिए। गंगा दशहरा के दिन सत्तू, मटका और हाथ का पंखा दान करने से दोगुना फल की प्राप्ति होती है।

- गंगा दशहरा पर्व सनातन संस्कृति का एक पवित्र त्योहार है।
- धार्मिक मान्यता के अनुसार कहा जाता है कि इस दिन मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था।
- गंगा दशहरा के दिन पवित्र नदी गंगा में स्नान करने से मनुष्य अपने पापों से मुक्त हो जाता है।
- गंगा, नदी स्नान के साथ-साथ इस दिन दान-पुण्य करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस दिन सत्तू, मटका और हाथ का पंखा दान करने की मान्यता है।
- मंत्र- नमो भगवते दशपापहराये गंगाये नारायण्ये रेवत्ये शिवाये दक्षाये अमृताये विश्वरुपिण्ये नंदिन्ये ते नमो नमः
- गंगा दशहरा के दिन अपने पितृ को याद करके उन्हें जल अर्पण करना चाहिए।
- शास्त्रों के अनुसार गंगा दशहरा के दिन गंगा स्नान के बाद सूर्यदेवता को जल अर्घ्य देना चाहिए, तत्पश्चात दान अवश्य करना चाहिए।
- देवी भागवत के अनुसार शतशः योजन दूर बैठा मनुष्य भी यदि गंगा के नाम का उच्चारण करता है, तो वह पापों से मुक्त होकर भगवान श्रीहरि के धाम को प्राप्त करता है।
- गंगा भगवान विष्णु का स्वरूप है। इसका प्रादुर्भाव भगवान के श्रीचरणों से ही हुआ है। तभी तो गंगा (मां) के दर्शनों से आत्मा प्रफुल्लित तथा विकासोन्मुखी होती है।
- यदि कोई भी श्रद्धालु स्नान से पहले गंगा का आवाहन करता है और नदी में डुबकी लगाने से पहले उसी में गंगा की उपस्थिति की अनुभूति करता है।

## दशविध स्नान क्या है? गंगा दशहरे के दिन घर पर कैसे कर सकते हैं 10 तरह के स्नान

**प्रतिवर्ष ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को 'गंगा दशहरा' का पर्व मनाया जाता है। इस बार यह तिथि 16 जून को आ रही है। इसलिए गंगा दशहरा 16 जून को मनाया जाएगा। शास्त्रानुसार इस दिन मां गंगा का स्वर्ग से धरती पर आगमन हुआ था।**

गंगा-दशहरे के दिन जो व्यक्ति मां गंगा की आराधना करता है, उनकी धूप, दीप, नैवेद्य आदि से षोडशोपचार पूजन कर उपवास करता है, वह कायिक-वाचिक-मानसिक त्रिविध पापों से मुक्त हो जाता है। 'गंगा-दशहरे' के दिन 'दशविध-स्नान' का बहुत महत्व होता है। इस दिन 'दशविध-स्नान' करने वाले साधक को अश्वमेध यज्ञ का फल प्राप्त होता है। दशविध-स्नान से आशय शास्त्र द्वारा वर्णित दस प्रकार के स्नान से है। गंगा दशहरे के दिन करें यह दशविध स्नान-

1.गोमूत्र से स्नान 2.गोमय से स्नान
3.गौदुग्ध से स्नान 4.गौदधि से स्नान
5.गौघृत से स्नान 6.कुशोदक से स्नान
7.भस्म से स्नान 8.मृत्तिका (मिट्टी) से स्नान
9.मधु (शहद) से स्नान 10.पवित्र जल से स्नान

उपर्युक्त वर्णित वस्तुओं से अपनी सामर्थ्य के अनुसार लेपन व तिलक कर स्नान करने से 'दशविध-स्नान' की पूर्णता होती है।





# महेश नवमी 15 जून को मनाई जाएगी पूजा मुहूर्त व महत्व

**महेश नवमी का उत्सव माहेश्वरी समाज में माहेश्वरी वंशोत्पत्ति दिन के रुप में विशाल स्तर पर मनाया जाता है. भगवान शिव और माता पार्वती को माहेश्वरी समाज का संस्थापक माना जाता है.**

हर साल ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को महेश नवमी मनाई जाती है. इस साल महेश नवमी 15 जून 2024 को मनाई जाएगी. इस दिन भक्त भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की जाती है, मान्यता हैं ऐसा करने से सुख, शांति, धन वृद्धि और सौभाग्य में बढ़ोत्तरी का वरदान प्राप्त होता है. महेश नवमी का उत्सव माहेश्वरी समाज में माहेश्वरी वंशोत्पत्ति दिन के रुप में विशाल स्तर पर मनाया जाता है. भगवान शिव और माता पार्वती को माहेश्वरी समाज का संस्थापक माना जाता है.

## महेश नवमी 2024 मुहूर्त

महेश नवमी शनिवार, जून 15, 2024 को
नवमी तिथि प्रारम्भ - जून 15, 2024 को 12.03 ए एम बजे
नवमी तिथि समाप्त - जून 16, 2024 को 02.32 ए एम बजे

## महेश नवमी क्यों मनाई जाती

भगवान महेश और आदिशक्ति माता पार्वती ने ऋषियों के श्राप के कारण पत्थर में परिवर्तित हो चुके 72 क्षत्रियों को शापमुक्त किया और पुनर्जीवन प्रदान करते हुए कहा कि, आज से तुम्हारे वंशपर हमारी छाप रहेगी, तुम माहेश्वरी कहलाओगे. भगवान महेश एवं माता पार्वती के अनुग्रह से उन क्षात्रियों को पुनर्जीवन मिला तथा माहेश्वरी समाज का उद्भव हुआ. शिव जी के भक्त इस दिन महेश वन्दना का गायन करते हैं तथा शिव मन्दिरों में भगवान महेशजी की महाआरती की जाती है.

- महेश नवमी के दिन के दिन सुबह जल्दी उठकर सबसे पहले स्नान कर लें.
- अब शिवलिंग और शिव परिवार का पूजन-अभिषेक करें.
- उन्हें धतूरा, बेल पत्र, चंदन, भस्म, पुष्प, गंगा जल, मौसमी फल चढ़ाकर पूजन करें.
- डमरू बजाकर शिव चालीसा, शिव मंत्र और शिव आरती का पाठ करें.
- विधि पूर्वक पूजा करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और मनोकामना को पूरा करते है.

### महेश नवमी की कथा

माहेश्वरी समाज के द्वारा महेश नवमी का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस दिन भगवान शिव और मां पार्वती की विशेष आराधना की जाती है। आइए जानते हैं इस पर्व की कथा के बारे में। महेश नवमी के दिन भगवान शिव का अभिषेक किया जाता है। उन्हें गंगाजल, पुष्प, बेल पत्र आदि चढ़ाया जाता है। इस दिन शिव लिंग की विशेष की जाती है। महेश नवमी के दिन भगवान शिव की आराधना में डमरू बजाया जाता है। उनके साथ मां पार्वती का भी स्मरण किया जाता है।

**माहेश्वरी समाज से जुड़ी पौराणिक कथा**

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार माहेश्वरी समाज के पूर्वज क्षत्रिय वंश के थे। शिकार के दौरान वे ऋषियों के शाप से ग्रसित हुए। तब इस दिन भगवान शिव ने उन्हें शाप से मुक्त कर उनके पूर्वजों की रक्षा की व उन्हें हिंसा छोड़कर अहिंसा का मार्ग बतलाया था। महादेव ने अपनी कृपा से इस समाज को अपना नाम भी दिया इसलिए यह समुदाय 'माहेश्वरी' नाम से प्रसिद्ध हुआ। भगवान शिव की आज्ञा से ही माहेश्वरी समाज के पूर्वजों ने क्षत्रिय कर्म छोड़कर वैश्य समाज को अपनाया, तब से ही माहेश्वरी समाज व्यापारिक समुदाय के रूप में पहचाना जाता है।

# महेश नवमी पर कैसे करें पूजन



**इस वर्ष महेश नवमी पर्व 15 जून को मनाया जाएगा। हिन्दू पंचांग के अनुसार हर साल ज्येष्ठ माह में शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को महेश नवमी मनाई जाती है। महेश नवमी के दिन भगवान शिव और माता पार्वती का पूजन करने से लेकर अपार सुख, धन संपदा, अखंड सौभाग्य और प्रसन्नता में वृद्धि होती है।**

## पूजन विधि और मंत्र

- महेश नवमी के दिन शिवलिंग तथा भगवान शिव परिवार का पूजन-अभिषेक किया जाता है।
- भगवान शिव को पुष्प, गंगा जल और बेल पत्र आदि चढ़ाकर पूजन किया जाता है।
- डमरू बजाकर भगवान शिव की आराधना की जाती है।
- मां पार्वती का पूजन एवं स्मरण करके विशेष आराधना की जाती है।

### मंत्र

- इं क्षं मं औं अं।
- नमो नीलकण्ठाय।
- प्रौं ह्रीं ठः।
- ऊर्ध्व भू फट्।
- ऊँ नमः शिवाय।
- ऊँ पार्वतीपतये नमः।
- ऊँ ह्रीं ह्रौं नमः शिवाय।
- ऊँ नमो भगवते दक्षिणामूर्त्तये मह्यं मेधा प्रयच्छ स्वाहा।

महेश नवमी के दिन उपरोक्त किसी भी मंत्र का जाप पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके 108 बार करना चाहिए। जप के पूर्व शिव जी को बिल्वपत्र अर्पित करना चाहिए। उनके ऊपर जलधारा अर्पित करना चाहिए। इन मंत्रों का जाप कर आप शिव को प्रसन्न कर सकते हैं।

**कथा** : एक खडगलसेन राजा थे। प्रजा राजा से प्रसन्न थी। राजा व प्रजा धर्म के कार्यों में संलग्न थे, पर राजा को कोई संतान नहीं होने के कारण राजा दुःखी रहते थे। राजा ने पुत्र प्राप्ति की इच्छा से कामेष्टि यज्ञ करवाया। ऋषियों-मुनियों ने राजा को वीर व पराक्रमी पुत्र होने का आशीर्वाद दिया, लेकिन साथ में यह भी कहा 20 वर्ष तक उसे उत्तर दिशा में जाने से रोकना। नौवें माह प्रभु कृपा से पुत्र उत्पन्न हुआ। राजा ने धूमधाम से नामकरण संस्कार करवाया और उस पुत्र का नाम सुजान कंवर रखा। वह वीर, तेजस्वी व समस्त विद्याओं में शीघ्र ही निपुण हो गया। एक दिन एक जैन मुनि उस गांव में आए। उनके धर्मोपदेश से कुंवर सुजान बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने जैन धर्म की दीक्षा ग्रहण कर ली और प्रवास के माध्यम से जैन धर्म का प्रचार-प्रसार करने लगे। धीरे-धीरे लोगों की जैन धर्म में आस्था बढ़ने लगी। स्थान-स्थान पर जैन मंदिरों का निर्माण होने लगा।

एक दिन राजकुमार शिकार खेलने वन में गए और अचानक ही राजकुमार उत्तर दिशा की ओर जाने लगे। सैनिकों के मना करने पर भी वे नहीं माने। उत्तर दिशा में सूर्य कुंड के पास ऋषि यज्ञ कर रहे थे। वेद ध्वनि से वातावरण गुंजित हो रहा था। यह देख राजकुमार क्रोधित हुए और बोले- 'मुझे अंधरे में रखकर उत्तर दिशा में नहीं आने दिया' और उन्होंने सभी सैनिकों को भेजकर यज्ञ में विघ्न उत्पन्न किया। इस कारण ऋषियों ने क्रोधित होकर उनको श्राप दिया और वे सब पत्थरवत हो गए।

राजा ने यह सुनते ही प्राण त्याग दिए। उनकी रानियां सती हो गईं। राजकुमार सुजान की पत्नी चन्द्रावती सभी सैनिकों की पत्नियों को लेकर ऋषियों के पास गईं और क्षमा-याचना करने लगीं। ऋषियों ने कहा कि हमारा श्राप विफल नहीं हो सकता, पर भगवान भोलेनाथ व मां पार्वती की आराधना करो। सभी ने सच्चे मन से भगवान की प्रार्थना की और भगवान महेश व मां पार्वती ने अखंड सौभाग्यवती व पुत्रवती होने का आशीर्वाद दिया। चन्द्रावती ने सारा वृत्तांत बताया और सबने मिलकर 72 सैनिकों को जीवित करने की प्रार्थना की। महेश भगवान पत्नियों की पूजा से प्रसन्न हुए और सबको जीवनदान दिया। भगवान शंकर की आज्ञा से ही इस समाज के पूर्वजों ने क्षत्रिय कर्म छोड़कर वैश्य धर्म को अपनाया। इसलिए आज भी 'माहेश्वरी समाज' के नाम से इसे जाना जाता है। समस्त माहेश्वरी समाज इस दिन श्रद्धा व भक्ति से भगवान शिव व मां पार्वती की पूजा-अर्चना करते हैं।

# टी20 विश्व कप के सुपर-8 में पहुंचा अफगानिस्तान

## न्यूजीलैंड हुआ बाहर




**टरूबा (त्रिनिदाद), एजेंसी।** टी20 विश्व कप के सुपर-8 में अफगानिस्तान ने क्वालीफाई कर लिया है।अफगानिस्तान ने शुक्रवार को ब्रायन लारा क्रिकेट स्टेडियम में पापुआ न्यू गिनी को सात विकेट से हराकर टूर्नामेंट में जीत की हैट्रिक भी लगाई। अफगानिस्तान की यह जीत न्यूज़ीलैंड के लिए बड़ा झटका है। सुपर-8 में पहुंचने का कीवी टीम का इरादा पूरा नहीं हो पाया। न्यूजीलैंड ग्रुप-सी में दो मैचों में दो हार के साथ सबसे नीचे है। अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज ने ग्रुप में तीनों मुकाबले जीत लिए। वहीं, न्यूजीलैंड को लगातार हार मिली और टीम टूर्नामेंट की रेस से बाहर हो गई है। इस मुकाबले की बात करें तो टॉस जीतकर अफगानिस्तान ने पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ गेंदबाजी करने का फैसला किया। पापुआ न्यू गिनी 19.5 ओवर में 95 रन पर ऑल आउट हो गई जिसमें विकेटकीपर बल्लेबाज किपलिन डोरिगा ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 27 रन बनाए। जवाब में गुलबदीन की 49 रन की पारी के दम पर अफगानिस्तान ने 15.1 ओवर में 3 विकेट खोकर 96 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। हालांकि, 96 रनों का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही। टीम ने पहले तीन ओवरों में ही सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान का विकेट खो दिया और पावरप्ले 39/2 पर समाप्त हुआ।

तीसरे स्थान पर आए गुलबदीन ने पारी को संभाला। हालांकि, अफगानिस्तान ने इसके बाद भी विकेट गंवाए लेकिन गुलबदीन क्रीज पर डटे रहे। एक जुझारू पारी खेलते हुए नाइब ने सिक्स लगाकर अफगानिस्तान को जीत दिलाई।

**युवा मिडफील्डर मनीषा ने कहा**

# भारतीय हॉकी टीम को रिप्रेजेंट करना बेहद खास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तराखंड की मनीषा चौहान ने 25 साल की उम्र में सीनियर महिला हॉकी टीम के लिए अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू करने का अपना सपना पूरा किया। इस स्टार मिडफील्डर ने एफआईएच प्रो लीग 2023/24 के यूरोप चरण के दौरान अर्जेंटीना के खिलाफ अपना पहला मैच खेला था।

अपने करियर के इस सबसे स्पेशल मोमेंट को याद कर मनीषा ने कहा, ये हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वो अपने देश के लिए खेले। जब से मैंने हॉकी थामी तब से मैंने देश के लिए खेलने का सपना देखना शुरू कर दिया। जब मैं भारतीय जर्सी पहनकर मैदान पर उतरी, तो यह मेरे लिए बेहद खास क्षण था। कोचिंग और सहयोगी स्टाफ ने मुझ पर भरोसा जताया और अब यह मेरा फर्ज कि मैं उन्हें सही साबित करूं।

मनीषा ने कहा, हरेंद्र सर ने मुझे खुद पर भरोसा करने और अपना नेचुरल गेम खेलने के लिए कहा। उन्होंने मुझे यह भी बताया कि मुझे किन क्षेत्रों में काम करने की जरूरत है और मैं अपने गेम को कैसे बेहतर बना सकती हूं। टीम के हर सदस्य ने मेरा समर्थन किया, मेरी मदद की और मुझे बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

मनीषा की हॉकी में रुचि तब शुरू हुई जब वह 5वीं कक्षा में थी। अपने सफर को याद करते हुए उन्होंने कहा, मुझे हमेशा से ही हॉकी में रुचि थी। मैं फुटबॉल और हैंडबॉल बहुत खेलती थी।

मेरे पास लॉन्ग जंप और शॉटपुट में राज्य स्तर के पदक भी हैं। मुझे याद है कि स्कूल के कोच मैदान में आए और हमसे पूछा कि क्या कोई हॉकी खेलना चाहता है। मैंने खेल में रुचि दिखाई और फिर उन्होंने मुझे शाम को प्रशिक्षण के लिए आने के लिए कहा। तब से, मैंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित स्कूल स्तर की प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब भी जीता।

2016 में मनीषा जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उत्तराखंड टीम की कप्तान थी। टूर्नामेंट में कुछ शानदार प्रदर्शन के साथ, उन्हें भारतीय जूनियर महिला शिविर के लिए बुलाए जाने पर सफलता मिली। 25 वर्षीय मनीषा ने इस सफर को याद करते हुए कहा, ÷जब मुझे भारतीय जूनियर महिला टीम के शिविर के लिए चुने जाने की खबर मिली तो मैं बहुत खुश थी। यह मेरे और मेरे परिवार के लिए एक अद्भुत क्षण था। मेरे कोच जिन्होंने हमेशा मुझे प्रेरित किया है और मेरे शुरुआती दिनों से मेरा निरंतर समर्थन किया है, इस खबर से बहुत खुश थे।

# मलय सोमण को बैडमिंटन खिताब




**इंदौर।** सरताज अकादमी द्वारा आयोजित 30वें सरताज ग्रीष्मकालीन बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर की बैडमिंटन स्पर्धा मलय सोमण ने जीती। मिराया चौधरी 9 वर्ष (कोंपल) आयु वर्ग में अव्वल रही। नारायण बाग बाल विकास केंद्र बैडमिंटन हॉल में हुई इस स्पर्धा में मलय सोमण ने खिताबी मुकाबले में अशांक मिश्रा को 21-18, 21-7 से हराया। अदवैत सिंह चौहान ने अरुणोदय सिंह को तीन गेमों में 6-15, 15-10, 15-13 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। 9वर्ष (कोंपल) आयु वर्ग में मिराया चौधरी ने अयांश मिश्रा को 21-3, 21-5 से हराया। मिराया ने आराध्या सिंह परमार को भी पराजित किया।

सरताज अकादमी प्रबंध निदेशक और प्रशिक्षक धर्मेश यशलहा ने बताया कि मुकाबले लीग आधार पर हुए। योनेक्स फेदर शटलकाक से मैच खेले गए। मलय स्पर्धा में अपराजित रहे। मलय सोमण ने लीग मैच में अशांक मिश्रा को 15-7, 15-11 से हराया था। सरताज अकादमी, नारायण बाग बाल विकास केंद्र बैडमिंटन हॉल में बच्चों को सालभर शाम को नियमित बैडमिंटन प्रशिक्षण देती है। सालभर बैडमिंटन गतिविधि संचालित करती हैं। सरताज अकादमी के 59 बालक और बालिकाएं बैडमिंटन की राष्ट्रीय स्पर्धाओं में प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। बच्चों को नियमित प्रेक्षा ध्यान और योग भी कराया जाता हैं।



# घुड़सवार श्रुति वोरा ने दर्ज की ऐतिहासिक जीत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की अनुभवी घड़सवार श्रुति वोरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की। श्रुति थ्री स्टार ग्रां प्री प्रतियोगिता जीतने वाली पहली भारतीय राइडर (घुड़सवार) बन गई हैं। भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। कोलकाता की रहने वाली श्रुति ने ड्रेसेज विश्व चैंपियनशिप (2022) और एशियाई खेलों (2010, 2014) में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

श्रुति ने सात से नौ जून तक स्लोवेनिया के लिपिका में आयोजित सीडीआई-3 प्रतियोगिता में 67.761 अंक हासिल किए। भारतीय खिलाड़ी मोलदोवा की तातियाना एंटोनेंको (आचेन) से आगे रहीं जिन्होंने 66.522 अंक हासिल किए। ऑस्ट्रिया की जूलियन जेरिच (क्वार्टर गर्ल) ने 66.087 अंकों के साथ शीर्ष तीन में जगह बनाई। श्रुति ने ग्रां प्री स्पेशल में भी सराहनीय प्रदर्शन किया जो इसी स्थान पर एक साथ आयोजित की गई। वह 66.085 अंकों के साथ एंटोनेंको के बाद दूसरे स्थान पर रहीं।

# नीदरलैंड को हराकर सुपर 8 की दहलीज पर बांग्लादेश



**किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट), एजेंसी।** शाकिब अल हसन की नाबाद अर्धशतकीय पारी की बदौलत बांग्लादेश ने गुरुवार को टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मुकाबले में नीदरलैंड को 25 रन से हराकर सुपर 8 चरण के क्वालीफिकेशन की दहलीज पर कदम रख दिया है। इस जीत के साथ बांग्लादेश अगले दौर में प्रवेश करने के बिल्कुल करीब पहुंच गई है। हालांकि नीदरलैंड के लिए भी उम्मीदें अभी समाप्त नहीं हुई हैं, लेकिन इस मैच के नतीजे ने श्रीलंका को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया है। बांग्लादेश की इस जीत के दो बड़े हीरो रहे। शाकिब अल हसन का बल्ला सबसे अहम मौके पर बोला। बांग्लादेश ने पावरप्ले में ही दो विकेट गंवा दिए थे, लेकिन शाकिब अंत तक डटे रहे और उनकी 64 रनों की नाबाद पारी की बदौलत बांग्लादेश की टीम ने 20 ओवर में 159 का स्कोर खड़ा कर लिया। बांग्लादेश ने लक्ष्य का बचाव किया, जिसमें रिशाद हुसैन ने (3-33) और तस्कीन अहमद ने (2-30) शानदार गेंदबाजी की।

नीदरलैंड की टीम 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 132 रन ही बना सकी। बांग्लादेश के खाते में अब ग्रुप-डी में तीन मैचों में चार अंक हैं और उसका अंतिम मैच नेपाल से है।



**पाकिस्तानी खिलाड़ी ने बाबर को धो डाला**

# अरे फर्जी किंग है, उसका रिकॉर्ड तो मुझसे भी घटिया है...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर अहमेद शेहजाद इन दिनों टीम के कप्तान बाबर आजम की जमकर आलोचना की है। पाकिस्तान टी20 वर्ल्ड कप 2024 से लगभग बाहर होने वाला है और इसी दौरान शेहजाद ने एक पाकिस्तानी टॉक शो हारना मना है में बाबर पर फिर से हमला बोला। इस बार शो में शेहजाद और बाबर के टी20 वर्ल्ड कप के आंकड़ों की तुलना दिखाई गई, जिसमें शेहजाद का प्रदर्शन बेहतर रहा। शेहजाद ने बाबर को नकली किंग कहा और ये भी आरोप लगाया कि बाबर अपने दोस्तों को टीम में जगह दिलाने के लिए युवा खिलाड़ियों को टिकने नहीं देते।

पाकिस्तान टीम के मौजूदा कप्तान बाबर आजम ने अब तक 22 टी20 वर्ल्ड कप मैचों में 517 रन बनाए हैं, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट सिर्फ 112 का रहा है। वहीं, शेहजाद ने सिर्फ 9 मैचों में 126 के स्ट्राइक रेट से 250 रन बनाए हैं, यहां तक कि उन्होंने एक शतक भी लगाया है। शेहजाद गुस्से से बोले, मुझे लगता है मैं इन आंकड़ों से भी बेहतर प्रदर्शन कर सकता था. लेकिन तुम्हारे (बाबर के) आंकड़े तो मुझसे भी खराब हैं। उन्होंने आगे आलोचना करते हुए कहा, तुमने घरेलू क्रिकेट की पूरी व्यवस्था खराब कर दी। तुमने टीम में अपने दोस्तों को बिठाने के लिए घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की जगह छीन ली।

खासकर, शेहजाद ने 22 साल के बल्लेबाज सईम आयुब के करियर को बर्बाद करने के लिए बाबर को जिम्मेदार ठहराया। शेहजाद ने कहा, सईम आयुब को आगे बढ़ाना तुम्हारी जिम्मेदारी थी, लेकिन अब इतनी कम उम्र में ही उसका करियर खत्म हो गया है।

### अहमद शहजाद का टी20 करियर

32 साल के अहमद शहजाद ने पाकिस्तान के लिए 13 टेस्ट, 81 वनडे और 59 टी20 मुकाबले खेले हैं। उनके नाम टेस्ट में 982, वनडे में 2605 और टी20 में 1471 रन हैं।

# चंदू चैंपियन की रिलीज के मौके पर दर्शकों को मिला तोहफा

कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन कल 14 जून को रिलीज होने जा रही है। रिलीज के दिन अभिनेता ने फैंस को खास तोहफा दिया है। यह फिल्म दर्शक सिर्फ 150 रुपये में देख सकेंगे। कार्तिक ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी साझा की है। कार्तिक आर्यन ने आज अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसके साथ उन्होंने जानकारी दी है कि फिल्म की रिलीज के दिन दर्शक सिर्फ 150 रुपये में इस फिल्म की टिकट बुक कर सकते हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, इतने साल की हमारी मेहनत कल आपके सामने। देखिए भारत के चैंपियन की कहानी!! अफनी टिकट मात्र 150 रुपये में बुक करें। सिर्फ इस शुक्रवार। अभिनेता से यह गिफ्ट मिलने पर एक तरफ कुछ दर्शक खुशी से झूम उठे हैं और कार्तिक का शुक्रिया अदा कर रहे हैं।





# शिल्पा , राज कुंद्रा फिर कानूनी मुश्किल में

बॉलीवुड अदाकारा शिल्पा शेट्टी कुंद्रा और उनके कारोबारी पति राज कुंद्रा एक बार फिर चर्चा में हैं लेकिन सही वजहों से नहीं। मुंबई सेशंस कोर्ट ने पुलिस को शिल्पा और राज कुंद्रा के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। एक गोल्ड डीलर ने एक्ट्रेस और उनके पति पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। इसके चलते कोर्ट ने दोनों के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। कोर्ट में दर्ज धोखाधड़ी का मामला प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध बनता है। सेशंस कोर्ट के जज एनपी मेहता ने बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) को सर्राफा कारोबारी पृथ्वीराज सरेमल कोठारी की शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच करने का निर्देश दिया है। अगर जांच के बाद आरोप सही साबित होता है तो पुलिस इस मामले में आईपीसी की सभी जरूरी धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करे और एक्ट्रेस और उनके पति के खिलाफ उचित जांच करे।



# राष्ट्रीय स्प्रिंटिंग प्रतियोगिता के लिए चुने गए गुरमीत चौधरी

**एक्टर ने जाहिर की अपनी खुशी**

गुरमीत चौधरी एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के सबसे फिट और स्टार्ट एक्टर्स में से एक हैं। साथ ही वह अपनी दमदार एक्टिंग के लिए खूब जाने जाते हैं। हाल ही में उन्होंने सीरी कमांडर करण सक्सेना के टीज़र के लिए खूब तारीफें बटोरी। अब गुरमीत को राष्ट्रीय स्प्रिंटिंग प्रतियोगिता के लिए चुना गया है और इसे लेकर एक्टर बेहद खुश हैं। गुरमीत ने फैंस के साथ अपनी खुशी शेयर करते हुए कहा, मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मैं राष्ट्रीय स्प्रिंटिंग प्रतियोगिता के लिए चुना गया हूं! कमांडर करण सक्सेना की तैयारी के दौरान, मैंने बहुत मेहनत की, मैंने न दिन देखा न रात मैंने अपनी ट्रेनिंग जारी रखी। अब टीज़र ऑन एयर देखकर मुझे खुद पर गर्व है। यह सब कड़ी मेहनत, समर्पण और निरंतरता के बारे में है। कमांडर शब्द में ही कुछ जादू है। फिर भी, मैं नेशनल्स के लिए जा रहा हूँ - विश में लक ! जय हिंद। गुरमीत ने कहा, आपके अटूट समर्थन और विश्वास ने ही इस यात्रा को संभव बनाया है। मैं आगे जो कुछ भी होने वाला है उसके लिए वास्तव में आभारी और उत्साहित हूं!

## संक्षिप्त समाचार

### आसमानी आग और लू के असर से फिर भट्ठी बनी दिल्ली



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में गर्मी का प्रकोप लगातार जारी रहा है। गुरुवार को भी दिल्ली के अधिकांश इलाकों में दिनभर लू चलने का अनुमान है। मौसम विभाग का मानना है कि अगले कुछ दिनों तक इसी प्रकार गर्म हवाएं चलती रहेगी। दिल्ली में बुधवार को अधिकतम तापमान 44.7 डिग्री दर्ज किया गया, जो गुरुवार को 44.8 डिग्री पहुंच गया। यह सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा है। बीते 10 दिनों में यह सबसे अधिक तापमान है। वहीं, न्यूनतम पारा 29.4 डिग्री रहा जो बुधवार से एक डिग्री ज्यादा है। कुछ इलाकों में अधिकतम तापमान 47 डिग्री के पास पहुंच गया। लू का प्रकोप खुले इलाकों में ज्यादा देखने को मिल रहा है। राजधानी में गर्मी के दौरान प्रदूषण को रोकने के लिए दिल्ली सरकार ने 12 बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए समर एक्शन प्लान घोषित किया है। इस अवसर पर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में हवा की गुणवत्ता में लगातार सुधार हुआ है। बीते 8 वर्षों में वायु प्रदूषण में 30 फीसदी की कमी आई है। समर एक्शन प्लान के तहत दिल्ली सरकार तत्कालिक और दीर्घकालिक कदम उठाएगी। धूल से निपटने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जाएंगे। नोएडा। नोएडा-ग्रेटर नोएडा की हवा गुरुवार को खराब श्रेणी में पहुंच गई। क्रमशदोनों शहरों का एक्यूआई 226 और 273 दर्ज किया गया। इसके अलावा जिल में भीषण गर्मी भी जारी है। अधिकतम तापमान 46.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।दोपहर 12 बजे ही पारा 43 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। वहीं दिनभर लू चली। हवा की गति करीब 30 किलोमीटर प्रति घंटे रही। भीषण गर्मी झेल रहे शहर के लोगों को वायु प्रदूषण भी परेशान कर रहा है। नोएडा का एक्यूआई 226 और ग्रेटर नोएडा का 273 दर्ज किया गया। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले पांच दिनों तक गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

### गुरुग्राम की आठ अवैध कॉलोनी में गरजा बुलडोजर, मकान-दुकान जमींदोज



**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम के गांव सुल्तानपुर, मुबारिकपुर, फर्रुखनगर और कालियावास में अवैध रूप से विकसित हो रही आठ कॉलोनियों में नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने गुरुवार को बुलडोजर चलाया। तोड़फोड़ अभियान के भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा, जिसके चलते किसी तरह का विरोध नहीं हुआ। ये कॉलोनियां करीब 39 एकड़ खेतीहर जमीन पर काटी जा रही थी। नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के डीटीपीई मनीष यादव के नेतृत्व में तोड़फोड़ हुई। सबसे पहले तोड़फोड़ दस्ता गांव सुल्तानपुर में पहुंच गया। इस गांव में करीब 33 एकड़ में अवैध रूप से तीन कॉलोनियां काटी जा रही थी। एक दुकान बनकर तैयार हो चुकी थी। दो मकान को तैयार करने के लिए चारदीवारी की जा चुकी है। 800 मीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जा चुका था। डीटीपीई के आदेश पर बुलडोजर ने इन कॉलोनियों को मलबे में तब्दील कर दिया। इसके बाद तोड़फोड़ दस्ता गांव फर्रुखनगर में पहुंचा। करीब साढ़े तीन एकड़ में कॉलोनी काटी जा रही थी। एक निर्माणाधीन मकान, चार दुकान को तोड़ा गया। इसके अलावा 35 मकानों को खड़ा करने के लिए डाली गई डीपीसी को उखाड़ा गया। गुरुग्राम सेक्टर-56 थाना पुलिस ने बुधवार को विशेष अभियान चलाकर गांव घाटा और आसपास सरकारी जमीन पर झुग्गियां,दुकानें और रेहड़ी बसाने वाले 20 भ-माफियाओं के खिलाफ अलग-अलग पांच मामले विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किए।

# दिल्ली में 60 सड़कों की बदलेगी तस्वीर, पीडब्ल्यूडी का है 5 साल वाला प्लान

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली सरकार द्वारा सड़कों की एकीकृत व्यापक मरम्मत और रखरखाव की योजना जमीन पर नहीं उतरने के बाद एक नई पहल की जा रही है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने अब सड़कों के रखरखाव की जिम्मेदारी 10 के बजाय पांच साल तक निजी एजेंसियों को देने का फैसला किया है। दिल्ली की कुल 60 सड़कों को इसके लिए चिह्नित किया गया है।

पहले चरण में उत्तर जोन की सड़कों के रखरखाव का काम दिया जाएगा। दिल्ली में पीडब्ल्यूडी वर्तमान में अपने सड़कों के रखरखाव व मरम्मत की जिम्मेदारी खुद संभालता है। सड़कें बनने के बाद उसमें जो भी टूट-फूट होती है उसे ठीक करने का काम पीडब्ल्यूडी के मेंटिनेंस विभाग का होता है।

दिल्ली सरकार ने राजधानी की सड़कों को विश्वस्तरीय बनाने के लिए एक व्यापक योजना बनाई थी। बजट में बकायदा इसके लिए घोषणा की गई।



योजना के मुताबिक, सड़कों की मरम्मत व रखरखाव की जिम्मेदारी निजी एजेंसी को देनी थी। यह काम एक ही कंपनी को देने का प्लान था, जो कि दस साल तक यह जिम्मा संभालती।

अधिकारियों की मानें तो यह योजना पूरी तरह से तैयार थी। करीब 11 हजार करोड़ रुपये का खर्च भी आ रहा था। मगर वह योजना जमीन पर नहीं उतरी तो अब पीडब्ल्यूडी ने उसमें बदलाव किया है। पहला, अब दस साल के लिए नहीं बल्कि पांच साल के लिए रखरखाव व मरम्मत की जिम्मेदारी दी जाएगी। यह किसी एक एजेंसी के पास नहीं होगी। सड़क के हर स्ट्रैच के लिए निविदा निकाली जाएगी। जो कंपनी उसमें चयनित होगी उसे वह काम दिया जाएगा। यह पहली बार होगा कि सड़कों के रखरखाव और मरम्मत का काम पांच साल के लिए निजी एजेंसियों को दिया जाएगा। 266 किलोमीटर है लंबाई 60 सड़कों को चिह्नित किया गया है, जिसकी कुल लंबाई 266.51 किलोमीटर से ज्यादा है। पहले चरण में उत्तरी जोन की सड़कों पर काम किया जाएगा। दूसरे चरण में पश्चिमी दिल्ली की सड़कें और तीसरे चरण में दक्षिणी जोन की सड़कों पर काम किया जाएगा। पंचशील एन्क्लेव रोड, झटीकरा रोड, राव लक्ष्मी रोड, आउटर रिंग रोड (चिराग दिल्ली से अफ्रीका एवेन्यू), शालीमार बाग, रिंग रोड (मायापुरी चौक) केएन काटजू मार्ग, मोदी मिल से चिराग दिल्ली, महरौली से महिपालपुर रोड, रिंग रोड फ्लाईओवर (हयात), मथुरा रोड एनएच-2 समेत अन्य सड़कें शामिल हैं।

## गाजियाबाद में बुजुर्ग ने सोते हुए पड़ोसी पर पेट्रोल डाल जिंदा जलाया, फिर खुद भी जहर खाकर दी जान

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
गाजियाबाद के मोदीनगर में निवाड़ी थाना क्षेत्र के कस्बा पतला में एक 75 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति ने मामूली विवाद के बाद अपने सोते हुए पड़ोसी पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग लगाने के बाद आरोपी ने भी खेत में जाकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। आग लगने से बुरी तरह झुलसे व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है।

गाजियाबाद पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है। नेपाल सिंह अपने परिवार सहित कस्बा पतला में रहते हैं। वह मजदूरी करके परिवार का लालन पालन करते हैं। नेपाल सिंह का पहले घोड़े पर कपड़ा डालने को लेकर अपने 75 वर्षीय पड़ोसी सीताराम से विवाद हो गया था। उस समय तो मामला आसपास के लोगों ने रफा-दफा करा दिया था, लेकिन सीताराम मन में रंजिश पाले हुआ था। नेपाल सिंह गुरुवार रात सड़क पर चारपाई डालकर सो रहे थे। आरोप है कि कि देर रात पड़ोसी सीताराम ने चारपाई पर सो रहे नेपाल सिंह के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग की चपेट में आकर सीताराम बुरी तरह झुलस गए। उनकी चीख-पुकार की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने किसी तरह आग बुझाई और नेपाल सिंह को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि, उनकी हालत गंभीर होने पर नेपाल सिंह को मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया।

पुलिस ने बताया पड़ोसी को आग लगाने के बाद आरोपी सीताराम के भी हाथ-पैर झुलस गए थे। इस घटना को अंजाम देने बाद वह जंगल की ओर चला गया और जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच में जो भी नाम सामने आएगा। उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आप बदलाव ला सकते हैं तो कदम उठाइए; मोहन भागवत से आप की मांग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत द्वारा मणिपुर की स्थिति पर चिंता जताए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अगर संघ बदलाव ला सकता है तो उसे सकारात्मक कदम उठाने चाहिए, अन्यथा संघर्षग्रस्त राज्य के बारे में सिर्फ बात करने का कोई मतलब नहीं है। संजय सिंह गुरुवार को नोएडा में पत्रकारों से बातचीत में कहा, हाल में (भाजपा अध्यक्ष) जेपी नड्डा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के समय की भाजपा को आरएसएस के समर्थन की जरूरत थी, लेकिन (प्रधानमंत्री) नरेन्द्र मोदी की भाजपा को इसकी जरूरत नहीं है। मुझे लगता है कि यह मां और बच्चे के बीच की लड़ाई का नतीजा है, क्योंकि नड्डा ने आरएसएस के खिलाफ खुलकर बोला है और आरएसएस भी भाजपा के खिलाफ खुलकर बोल रहा है। आप नेता ने कहा, मैं पूरी विनम्रता के साथ मोहन भागवत जी से पूछना चाहता हूं कि मणिपुर मामले को लेकर मुझे (राज्यसभा से) सांसद के तौर पर निलंबित कर दिया गया था, लेकिन जब वहां (मणिपुर में) एक साल से हिंसा चल रही है, तो आरएसएस को पहले ही सरकार को आगाह कर देना चाहिए था, इस बारे में सवाल उठाने चाहिए थे। जो उसने नहीं किया। सिंह ने दावा किया, दूसरा, प्रधानमंत्री का अहंकार हर जगह दिख रहा है, यह किसी से छिपा नहीं है। वह (भागवत) कहते हैं कि स्वयंसेवक (आरएसएस स्वयंसेवक) अहंकारी नहीं होता लेकिन प्रधानमंत्री स्वयंसेवक हैं, (भाजपा में) कौन स्वयंसेवक नहीं है? हर कोई खुद को स्वयंसेवक बताता है।

# एनसीआर आ रहा 4.22 करोड़ रुपए का 930 केजी गांजा जब्त, 5 आरोपी गिरफ्तार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पुलिस ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा में गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग घटनाओं में कुल 930 किलोग्राम गांजा जब्त किया, ब्लैक मार्केट में जिसकी कीमत करीब 4 करोड़ रुपए है। इसके साथ ही पुलिस ने पांच लोगों को भी गिरफ्तार किया है। इनमें से तीन लोगों को नोएडा में एक ट्रक में 800 किलोग्राम गांजा ले जाते हुए गिरफ्तार किया, जबकि दो लोगों को ग्रेटर नोएडा में एक कार में 130 किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक नोएडा से जो गांजा जब्त हुआ है, उसे 2,000 लीटर कीटनाशक के साथ छिपाया गया था, जिसे वे ओडिशा से ला रहे थे। ट्रक को नोएडा पुलिस की अपराध प्रतिक्रिया टीम (सीआरटी) ने स्थानीय सेक्टर 58 पुलिस स्टेशन के अधिकारियों के साथ मिलकर बुधवार देर रात सेक्टर 62 के गोल चक्कर पर रोका। इस बारे में जानकारी देते हुए डीसीपी (नोएडा) विद्या सागर मिश्रा ने बताया, सीआरटी और सेक्टर 58 की टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से करीब आठ क्विंटल गांजा (कीमत 4 करोड़ रुपए) और कीटनाशक (कीमत 60 लाख रुपए) बरामद किया है। उनके पास से एक ट्रक और एक गाड़ी भी बरामद की गई है। एडिशनल डीसीपी (नोएडा) मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि ट्रक के अलावा एक मारुति सियाज कार भी जब्त की गई है। उन्होंने कहा कि, यह कार ट्रक के लिए एस्कॉर्ट वाहन के रूप में काम करती थी, जो किसी भी पुलिस या सुरक्षा जांच के बारे में अलार्म बजाने के लिए पूरे रास्ते ट्रक के आगे-आगे चलती थी।



जब्त किए गए प्रतिबंधित पदार्थ की कीमत के बारे में एडीसीपी मिश्रा ने कहा, गांजे की कीमत काला बाजार में उसकी गुणवत्ता के आधार पर अलग-अलग होती है। यह गांजा अच्छी गुणवत्ता का है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए लोगों में गिरोह का सरगना सुदामा चौधरी के अलावा अनीश और प्रवीण पासवान शामिल हैं। इनमें से चौधरी और पासवान बिहार के भोजपुर के रहने वाले हैं, जबकि अनीश हरियाणा के नूंह का रहने वाला है। डीसीपी मिश्रा ने बताया कि गिरोह के सरगना सुदामा चौधरी को पहले भी इसी तरह के अपराधों के लिए गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने कहा, नोएडा के एक्सप्रेसवे पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले के सिलसिले में वह दो महीने पहले ही जेल से रिहा हुआ था। पुलिस ने बताया कि जब्त ट्रक राजस्थान में पंजीकृत है, जबकि कार बिहार में पंजीकृत है।

उधर ग्रेटर नोएडा के दादरी पुलिस क्षेत्र में एक अन्य घटना में पुलिस ने आरोपी दीपक कुमार और अजय भाटी को बुधवार को उस वक्त गिरफ्तार किया, जब उनकी कार से कथित तौर पर 130 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत करीब 22 लाख रुपए है।

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे आंध्र प्रदेश से कम कीमत पर गांजा खरीदते थे और इसे दिल्ली-एनसीआर में लाकर ऊंचे दामों पर बेचते थे। पुलिस ने बताया कि उन्होंने दोनों की कार जब्त कर ली है।

## ज्यादा तीखे की वजह से डेनमार्क में नूडल्स पर लगा बैन, कहा- जहर है ये

**डेनमार्क , एजेंसी।**
एजेंसी। मसालेदार नूडल्स कई लोगों के लिए पसंदीदा चीज बन गई है। देश में ही नहीं विदेश में भी लोग नूडल्स को बहुत पसंद करते हैं। इस बीच डेनमार्क के फूड अथॉरिटी ने साउथ कोरिया में बनने वाले नूडल्स पर बैन लगा दिया है। साथ ही जो लोग उस नूडल्स को खाते हैं उन्हें भी चेतावनी दी गई है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, डेनिश फूड एडमिनिस्ट्रेशन ने हाल ही में एक बयान में कहा कि उसने निर्धारित किया है कि तीन सैम्यांग फूड्स नूडल्स प्रोडक्ट में खतरनाक रूप से कैप्साइसिन मिला होता है, ये वो कंपाउंड है जो नूडल्स को और तीखा बनाता है। बताया जा रहा है ये नूडल्स इतने तीखे होते हैं कि वे शरीर में जाते ही जहर के रूप में काम करने लगते हैं। इसके तहत सैम्यांग इंस्टेंट रेमन लाइन के तीन प्रोडक्ट - बुलडैक 3× स्पाइसी एंड हॉट चिकन, 2× स्पाइसी एंड हॉट चिकन, और हॉट चिकन स्टू -के



डेनमार्क में बिक्री करने पर रोक लगा दी गई है। फूड अथॉरिटी के मुताबिक, यदि किसी ने दुकान से नूडल्स खरीद लिए हैं तो उन्हें तुरंत इसे उस स्टोर पर वापस कर देना चाहिए जहां से इसे खरीदा गया था।

साथ ही बच्चों के माता-पिता को सलाह दी गई थी कि उनके बच्चों में नूडल्स में सेवन करने के बाद अगर तीव्र लक्षण दिखाई दें तो वे पॉइजन लाइन को कॉल करें। उन्होंने नाबालिगों के नूडल्स खाने के खिलाफ चेतावनी भी जारी की। बता दें कि सैमयांग फूड्स कंपनी साल दर साल बढ़ोतरी कर रहा है, इस कंपनी के प्रोडक्ट विदेश भर में पॉपुलर हैं।

## दक्षिण अमेरिका पर पड़ी चीन की बुरी नजर, ड्रैगन बना रहा मेगापोर्ट

**बीजिंग , एजेंसी।**
दक्षिण अमेरिका में एक बंदरगाह का निर्माण कर रहा है जिससे अमेरिका के साथ उसके संबंधों में और खटास आ सकती है। बीजिंग पेरू के चांके में एक गहरे पानी का बंदरगाह विकसित कर रहा है,जिसका उद्घाटन इस साल के अंत में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की तरफ से किए जाने की संभावना है।

चीन की कॉस्को शिपिंग संसाधन संपन्न क्षेत्र में 3.5 बिलियन डॉलर की लागत से बंदरगाह का निर्माण कर रही है जो एशिया और दक्षिण अमेरिका के बीच व्यापार को बढ़ावा दे सकता है और चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों और अन्य निर्यातों के लिए नए बाजार खोल सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, यह दक्षिण अमेरिका के प्रशांत तट पर पहला बंदरगाह होगा जो लगभग 60 फीट की गहराई के कारण मेगा जहाजों को प्राप्त करने में सक्षम होगा। बंदरगाह ने अमेरिका के लिए एक चुनौती पेश की है जो लैटिन अमेरिका में चीन के उदय को रोकना चाहता है। रिपोर्ट के अनुसार,अमेरिका को चिंता है कि बंदरगाह पर चीन के नियंत्रण से बीजिंग को दक्षिण अमेरिका के संसाधनों पर अपनी पकड़



और मजबूत करने में मदद मिलेगी। अमेरिकी दक्षिणी कमान के प्रमुख सेना जनरल लॉरा रिचर्डसन ने द वॉल के हवाले से कहा, इससे चीन के लिए इस क्षेत्र से इन सभी संसाधनों को निकालना आसान हो जाएगा, इसलिए यह चिंता का विषय होना चाहिए।

पेरू और चीन के बीच वर्तमान शिपिंग मार्ग लगभग 35 दिनों का है और अधिकतर खराब होने वाले खाद्य पदार्थों को बाजारों तक पहुंचने में बहुत लंबा समय लगता है। पेरू की राष्ट्रपति दीना बोलुआर्टे इस महीने के अंत में अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग से मिलने के लिए चीन की यात्रा करेंगी। बता दें कि दोनों नेताओं की 28 जून को मुलाकात होने वाली है।

# हिजबुल्ला ने इजरायल पर फिर दागे 130 रॉकेट और ड्रोन, इजरायली सेना के नौ ठिकानों को निशाना बनाया

**बेरुत , एजेंसी।** लेबनान के ईरान समर्थित सशस्त्र संगठन हिजबुल्ला ने गुरुवार को लगातार दूसरे दिन इजरायल पर 100 से ज्यादा बड़े आकार के राकेट और 30 ड्रोन से हमला किया। हिजबुल्ला ने दावा किया है कि उसके राकेट और ड्रोन ने इजरायली सेना के नौ ठिकानों को निशाना बनाया है जिससे इजरायल को भारी नुकसान हुआ है। हिजबुल्ला ने बुधवार को भी इजरायल पर करीब 250 राकेट दागे थे। हिजबुल्ला ये हमले मंगलवार को इजरायल के हवाई हमले में अपने शीर्ष कमांडर अबू तालेब के मारे जाने के जवाब में कर रहा है। वैसे हिजबुल्ला और इजरायल की लड़ाई आठ अक्टूबर, 2023 से चल रही है लेकिन हाल के दिनों में इसमें तेजी आई है।

**हिजबुल्ला के 300 से ज्यादा लड़ाके मारे गए:** इस लड़ाई में अभी तक हिजबुल्ला के 300 से ज्यादा लड़ाके और इजरायल के एक दर्जन सैनिक व आमजन मारे जा चुके हैं। हिजबुल्ला हमास के समर्थन में इजरायल पर हमले कर रहा है। इससे पहले इजरायल और हिजबुल्ला के बीच 2006 में युद्ध हुआ था जिसमें दोनों पक्षों के दसियों हजार लोग मारे गए थे। हिजबुल्ला का लेबनान के बड़े क्षेत्र पर कब्जा है और देश की सत्ता में भी संगठन की भागीदारी है। इस बीच ईरान समर्थित यमन के हाउती विद्रोहियों ने लाल सागर में ग्रीस के मालवाहक जहाज पर मिसाइल से हमला कर उसे नुकसान पहुंचाया है। हाउती भी गाजा में इजरायली हमलों के विरोध और हमास के समर्थन में बीते सात महीनों से लाल सागर और उसके आसपास से गुजरने वाले जहाजों पर हमले कर रहा है। युद्धविराम के लिए चल रही वार्ता के बीच गाजा में इजरायली सेना ने गुरुवार को भी हमले जारी रखे। इस दौरान दक्षिण के शहर रफाह में लक्ष्य आधारित हमले किए गए जिनमें कई हमास लड़ाकों के मारे जाने की सूचना है। पता चला है कि इजरायली सेना के ताजा हमलों में गाजा में 30 लोग मारे गए हैं। इन्हें मिलाकर गाजा में अभी तक इजरायली हमलों में मारे गए फलस्तीनियों की संख्या 37,232 हो गई है।



## पूर्व पाक प्रधानमंत्री इमरान खान को बड़ी राहत, अदालत ने तोड़फोड़ मामले में किया बरी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान, उनके सहयोगी शाह महमूद कुरैशी और पूर्व मंत्री शेख राशिद को तोड़फोड़ के एक मामले में बृहस्पतिवार को बरी कर दिया। यह मामला 2022 में तोड़फोड़ और पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 144 के उल्लंघन में कथित संलिप्तता के आधार पर इस्लामाबाद के आई-9 थाने में दर्ज किया गया था। धारा 144 के तहत रैलियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

न्यायिक मजिस्ट्रेट मलिक मोहम्मद इमरान ने फैसला सुनाते हुए तीन वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के दो और नेताओं - सदाकत अब्बासी और अली नवाज अवान को बरी कर दिया। यह फैसला पूर्व प्रधानमंत्री और उनके सहयोगियों के लिए राहत की बात है। उनके खिलाफ अप्रैल 2022 में अविश्वास प्रस्ताव के जरिए खान की सरकार गिराए जाने के बाद कई मामले दर्ज किए गए थे।

पार्टी ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और मई 2022 में एक बड़ी रैली निकाली, जिसका नेतृत्व खान ने किया और उनके हज़ारों कार्यकर्ता इसमें शामिल हुए।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रकः- देवेन्द्र मालवीय द्वारा श्री सिंध्दी विनायक प्रिंटर्स 26 बी देशबंधु परिसर प्रेस काम्प्लेक्स झोन 1 एम पी नगर भोपाल म.प्र. से मुद्रित एवं 773 / 19 मेघदूत नगर इंदौर म.प्र. से प्रकाशित सम्पादक डॉ. देवेन्द्र मालवीय

कार्यालय पताः-एच. 21 अकिंत अपार्टमेंट ब्रजेश्वरी एनएक्स, इंदौर मध्यप्रदेश मोः- 98276-22204 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र इंदौर रहेगा।

दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त सूचनाए, विचार,आलेख विभिन्न समाचार के स्त्रोत एवं संकलन लेखकों के व संकलनकर्ता के स्वंय जिनका संकलन विभिन्न एजेंसियों, के माध्यम से किया गया है, अतः समस्त प्रकार के प्रकाशन हेतु संपादक, प्रकाशक, मुद्रक का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहमत होना अनिवार्य नही है।